• RNI No. 58061/93 • वर्ष - 21 • अंक - 110 • पृष्ठ - 8 • रु. 5/- बेंगलूरु » शुक्रवार » 14-11-2025 • www.dakshinbharat.com • Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत



ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित

5 गिरिराज ने चिदंबरम पर आतंकवादियों के पक्ष में बोलने का आरोप लगाया

6 बाल दिवस पर लाएं बच्चों के चेहरे पर मुस्कान

7 मुझे कलाकार के तौर पर चैलेंजिंग रोल ज्यादा पसंद हैं : सायंतनी घोष

## फर्स्ट टेक

### आईएसआई समर्थित नेटवर्क का पर्दाफाश, 10 लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा समर्थित हमले के एक नेटवर्क का बृहस्पतिवार को पर्दाफाश कर इस सिलसिले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी पंजाब में अशांति पैदा करने के लिए ग्रेनेड हमला करने हेतु पाकिस्तान स्थित आकाओं के संपर्क में थे। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों में से तीन की पहचान कुलदीप सिंह, शेखर सिंह और अजय सिंह उर्फ अजय के रूप में हुई है और वे सभी श्री मुक्तसर साहिब के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि अमरीक सिंह, परमिंदर उर्फ चिरी, विजय, सुखजीत सिंह उर्फ सुख बराड़, सुखविंदर सिंह, करणवीर सिंह उर्फ विक्की और साजन कुमार उर्फ संजू को सहायक के तौर पर उनकी भूमिका के लिए अलग-अलग जेलों से पेशी वारंट पर लाया गया है।

### पिस्तौल और ग्रेनेड के साथ आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर/भाषा।** बारामूला जिले के सोपोर इलाके में सुरक्षा बलों ने बृहस्पतिवार को एक पिस्तौल और दो ग्रेनेड के साथ दो हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया, सोपोर में पुलिस ने 22 आरआर और 179 बीएन केंद्रीय सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) के साथ मिलकर सादिक कॉलोनी, मोमिनाबाद सोपोर में एक संयुक्त नाका अभियान के दौरान दो हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।

### भारत, रूस ने द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की

**नयी दिल्ली/भाषा।** भारत ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रूस से भारतीय प्रतिष्ठानों की सूची को तेजी से तैयार करने और समुद्री एवं फार्मास्युटिकल उत्पादों के पंजीकरण की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करने का अनुरोध किया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, रूस में मौजूद वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि व्यापार को बढ़ाने और मजबूत करने के कई अवसर हैं और इसके लिए भरोसेमंद उपायों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसमें कृषि और समुद्री उत्पादों में फेडरल सर्विस फॉर वेटेरिनरी एंड फाइटोसैनिटरी सुपरविजन (एफएसवीपीएस) के साथ एक व्यवस्थित दृष्टिकोण अपनाना, और फार्मा उत्पादों के लिए समयबद्ध पंजीकरण प्रक्रिया शामिल है।

# देश को परम वैभव संपन्न बनाने के लिए सबको साथ लेकर चलना है : भागवत

■ भारत वर्ष में "हमारी पहचान हिन्दू है। हिन्दू शब्द सबको एक करने वाला है।"

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जयपुर/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्र को परम वैभव संपन्न बनाने के लिए सबको साथ लेकर चलना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत वर्ष में ''हमारी पहचान हिन्दू है। हिन्दू शब्द सबको एक करने वाला है।''

वह संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर '100 वर्ष की संघ यात्रा श्रृंखला' के अंतर्गत कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में 'उद्यमी संवाद नए क्षितिज की ओर' कार्यक्रम में प्रमुख उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे।

एक बयान के अनुसार इसमें डॉ. भागवत ने कहा, '' राष्ट्र को परम वैभव संपन्न और विश्वगुरु बनाना किसी एक व्यक्ति के वश में नहीं है। नेता, नारा, नीति, पार्टी, सरकार, विचार, महापुरुष, अवतार और संघ जैसे संगठन इसमें सहायक हो सकते हैं परन्तु मूल कारण नहीं बन सकते। यह सबका काम है और इसके लिए सबको साथ लेकर चलना है।'' उन्होंने कहा है कि विविधताओं को कैसे संभालना है यह हमें दुनिया को सिखाना है क्योंकि दुनिया के



पास ऐसा तंत्र नहीं है जो भारत के पास है। उन्होंने कहा कि लोगों को आरएसएस के बारे में बिना उसका प्रत्यक्ष अनुभव किए कोई राय नहीं बनानी चाहिए, आरएसएस पूरे समाज को संगठित करना चाहता है। उन्होंने कहा, ''पूरा समाज एक संघ बन जाना चाहिए, यानी सभी को देश के लिए सच्ची और निस्वार्थ भक्ति के साथ जीना चाहिए।'' □

सरसंघचालक ने कहा कि संघ के 100 वर्ष की यात्रा पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम कोई 'जश्न' नहीं है बल्कि यह भविष्य को ध्यान में रखते हुए अपने कार्य के विस्तार पर विचार करने का अवसर है।

उन्होंने कहा कि डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने दशकों तक समाज का अवलोकन करने के बाद आरएसएस की स्थापना की थी उन्होंने सामाजिक समरसता, पर्यावरण जागरूकता और सक्रिय नागरिक उत्तरदायित्व को नागरिक जीवन के सिद्धांतों के रूप में सराहा। भागवत ने साप्ताहिक पारिवारिक समारोहों, सामुदायिक सहभागिता, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया।

# दिल्ली विस्फोट के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी : शाह

■ शाह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को पूरी दुनिया ने मान्यता दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अहमदाबाद/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली में हुए विस्फोट के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी जिससे दुनिया को यह संदेश जाएगा कि किसी को भी फिर कभी इस तरह के हमले के बारे में सोचने की हिम्मत नहीं करनी चाहिए। शाह गुजरात के मेहसाणा जिले के बोरियावी गांव में श्री मोतीभाई आर चौधरी सागर सैनिक स्कूल और सागर ऑर्गेनिक प्लांट के उद्घाटन सत्र को वीडियो कांफ्रेंस से संबोधित कर रहे थे।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में उनके हवाले से कहा गया, इस कायरतापूर्ण कृत्य को अंजाम देने वाले और इसके पीछे जो लोग हैं, उन सभी को कानून के शिकंजे में लाया जाएगा और उन्हें सख्त से



सख्त सजा दी जाएगी। भारत सरकार और गृह मंत्रालय इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने विस्फोट के पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना भी व्यक्त की। पत्र सूचना ब्यूरो (पीआईबी)की विज्ञप्ति के अनुसार, शाह ने कहा, इस आतंकवादी कृत्य के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को कड़ी सजा दिलाने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प निश्चित रूप से पूरा होगा। उन्होंने कहा, ''दिल्ली आतंकवादी हमले के दोषियों को दी जाने वाली सजा से दुनिया को यह संदेश जाएगा कि हमारे देश में इस तरह के हमले के बारे में सोचने की भी किसी को हिम्मत नहीं करनी चाहिए।''

शाह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को पूरी दुनिया ने मान्यता दी है और प्रधानमंत्री वैश्विक स्तर पर इस लड़ाई का नेतृत्व करने में सबसे आगे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के नजदीक सोमवार को एक कार में हुए उच्च तीव्रता के धमाके में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई थी।

## बिहार मतगणना के लिए तैयार

**पटना/भाषा।** बिहार विधानसभा चुनाव की मतगणना से एक दिन पहले बृहस्पतिवार को राजनीतिक दलों ने अपने स्तर से स्थिति की व्यापक समीक्षा की और आगे की रणनीति को लेकर मंथन किया। इस बीच, पूरे राज्य में निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या बिहार में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रिकॉर्ड पांचवां कार्यकाल हासिल कर पाएंगे। महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने दावा किया कि पार्टी कार्यकर्ता और जनता मतगणना के दौरान किसी भी असंवैधानिक गतिविधि से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। राजद के एक अन्य नेता सुनील कुमार सिंह ने चेतावनी दी कि यदि 2020 की तरह मतगणना में बाधा डाली गई, तो सड़कों पर नेपाल जैसी स्थिति देखने को मिलेगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार करते हुए कहा कि राजद नेताओं के बयान उनकी हताशा को दर्शाते हैं।

# विकसित भारत 2047 की कुंजी होगा देश का स्वास्थ्य : जितेंद्र सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि वर्ष 2047 में जब देश स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब भारत के नागरिकों का स्वास्थ्य ही विकसित भारत की दिशा तय करने वाला प्रमुख आधार होगा।

सिंह ने यहां खनिज एवं सामग्री प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएमएमटी) में 'लॉन्गिट्यूडिनल कोहोर्ट स्टडीज: कोहोर्ट कनेक्ट 2025' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, जब हम विकसित भारत 2047 की बात करते हैं तो



भारत का स्वास्थ्य ही इसका आधार होगा।

मंत्री ने राष्ट्रीय कोहोर्ट अध्ययन के दायरे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले चार प्रमुख निर्धारकों जैविक, पर्यावरणीय, आनुवंशिक और जीवनशैली संबंधी कारकों पर केंद्रित है और इन सभी पर भारत की असाधारण विविधता जैसे खानपान, पर्यावरण और आनुवंशिक संरचना का विशेष प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा, हम टाइप-2 मधुमेह जैसे चयापचय (मेटाबॉलिक) विकारों के युग से गुजर रहे हैं और हमारी नयी पहल 'जीन' के क्षेत्र में होगी - रोकथाम के लिए आनुवंशिक व्यवस्था और इलाज के लिए आनुवंशिक चिकित्सा।

## भारत, नेपाल ने रेल संपर्क के माध्यम से व्यापार बढ़ाने के लिए समझौता किया

**नयी दिल्ली/भाषा।** भारत और नेपाल ने बृहस्पतिवार को कंटेनरयुक्त और थोक माल के लिए जोगबनी-विराटनगर रेल लिंक के साथ सीधा रेल संपर्क स्थापित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे कोलकाता और विशाखापत्तनम बंदरगाहों से विराटनगर के पास मोरंग जिले में स्थित नेपाल सीमा शुल्क यार्ड कार्गो स्टेशन तक परिवहन की सुविधा होगी। दोनों देशों ने इस संबंध में भारत और नेपाल के बीच पारगमन संधि के प्रोटोकॉल में संशोधन करते हुए विनिमय पत्र (एलओई) का आदान-प्रदान किया। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, ''इस समझौते से जोगबनी (भारत) और विराटनगर (नेपाल) के बीच रेल आधारित माल की आवाजाही में सुविधा होगी।''

## लाल किला विस्फोट :

# अल फलाह विश्वविद्यालय की सदस्यता निलंबित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नयी दिल्ली/भाषा।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि राष्ट्रीय राजधानी में लाल किला के नजदीक हुए कार धमाके के बाद जांच के घेरे में आए अल फलाह विश्वविद्यालय की सदस्यता निलंबित कर दी गई है।

एआईयू सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत एक सोसाइटी है और इसके सदस्य भारतीय विश्वविद्यालय हैं। यह सदस्य विश्वविद्यालयों के प्रशासकों और शिक्षाविदों को विचारों के आदान-प्रदान और साझा हितों के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

एआईयू की महासचिव पंकज मित्तल ने कहा, ''यह सूचित किया जाता है कि भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के उपनियमों के अनुसार, सभी विश्वविद्यालयों को तब तक सदस्य माना जाएगा, जब तक वे मानकों का अनुकरण करते हैं।''

उन्होंने कहा, ''हालांकि, संज्ञान में आया है कि अल फलाह विश्वविद्यालय, फरीदाबाद, हरियाणा ने मानकों के अनुकूल कार्य नहीं किया है। तदनुसार, अल फलाह विश्वविद्यालय, फरीदाबाद, हरियाणा को दी गई एआईयू की सदस्यता तत्काल प्रभाव से निलंबित की जाती है।''

### आतंकी मॉड्यूल से जुड़ी एक और कार अल फलाह विश्वविद्यालय में मिली

**चंडीगढ़/भाषा।** दिल्ली में शक्तिशाली विस्फोट के संदिग्धों से कथित तौर पर जुड़ी एक और कार बृहस्पतिवार को फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय में खड़ी मिली। पुलिस ने यह जानकारी दी। फरीदाबाद पुलिस ने कहा, ''जम्मू-कश्मीर पुलिस धौज स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय में एक संदिग्ध (मारुति) ब्रिजा कार की जांच कर रही है।'' सूत्रों ने बताया कि हरियाणा में पंजीकृत यह वाहन विश्वविद्यालय की पार्किंग में मिला। सूत्रों ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में मौजूद कई अन्य वाहनों की भी जांच की जा रही है और उनके स्वामित्व के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। सोमवार शाम को दिल्ली के लाल किले के पास एक सफेद हुंदै आई20 कार में विस्फोट होने के बाद, जांचकर्ताओं ने बुधवार को फरीदाबाद के खंडावली गांव में एक दूसरे वाहन 'लाल रंग की फोर्ड इकोस्पोर्ट कार' का पता लगाया, जिसका संबंध आतंकी मॉड्यूल से था। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार शाम फरीदाबाद के खंडावली गांव से कार जब्त किए जाने के बाद बम निरोधक दस्ता निरीक्षण के लिए पहुंचा। अधिकारियों ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस ने एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है जिसने कथित तौर पर गांव में कार खड़ी की थी और उसे दिल्ली पुलिस को सौंप दिया गया है।

# उच्चतम न्यायालय ने केंद्र से किसी एक महानगर में 2020 की इलेक्ट्रिक वाहन नीति लागू करने को कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केंद्र से कहा कि वह 2020 की इलेक्ट्रिक वाहन नीति पर पुनर्विचार करे और पिछले पांच वर्षों में हुए बदलावों को इसमें शामिल करे तथा इसे किसी एक महानगर में लागू करे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से कहा कि वह पिछले पांच वर्षों में हुए बदलावों पर गौर करें और इन बदलावों को नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन प्लान' (एनईएमएमपी),2020 में शामिल करें। इस नीति का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देना है।

अटॉर्नी जनरल ने दलील दी कि केंद्र सरकार के 13 मंत्रालय इस नीति की व्यवहार्यता पर विचार-विमर्श कर रहे हैं और



जल्द ही इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा। पीठ ने कहा, नीति पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में कई बदलाव हुए हैं। इस नीति को किसी महानगर से पायलट परियोजना के माध्यम से लागू किया जा सकता है।''

पीठ ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए प्रोत्साहन, सरकारी संस्थानों द्वारा इन ईवी वाहनों को अपनाना और चार्जिंग पॉइंट की उपलब्धता जैसे विभिन्न पहलू हैं, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। गैर-सरकारी संगठन 'सेंटर फोर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' (सीपीआईएल) की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि यह 2019 की याचिका है जिसमें सरकार को इलेक्ट्रिक वाहनों पर अपनी नीति को लागू करने और चार्जिंग स्टेशन जैसे आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। जनहित याचिका में नागरिकों के सांस लेने, ''स्वास्थ्य और स्वच्छ पर्यावरण'' के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने के वास्ते केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 14-11-2025 5:50 बजे | सूर्योदय 15-11-2025 6:18 बजे |
| BSE 84,478.67 (+12.16) | NSE 25,879.15 (+3.35) |
| सोना 12,923 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 165,296 रु. प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**
**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### आरोप-प्रत्यारोप

सारे ही हैं अब व्यस्त यहां,
नित चर्चा मिटिंग और रैली।
आरोपों प्रत्यारोपों की,
सबकी अपनी-अपनी शैली।
कर रहे सभी ही राजनीति,
चाहे विशुद्ध या फिर मैली।
ना फर्क किसीको भी पड़ता,
घायल हो जन मन या वैली।।

# गौरव गोगोई आईएसआई एजेंट : हिमंत विश्व शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि विपक्षी कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट हैं, हालांकि वह अपनी पत्नी की तुलना में कम संलिप्त हैं।

मुख्यमंत्री ने यहां एक कार्यक्रम से इतर कहा कि गोगोई देश में आतंकवादी हमलों के समय चुप रहते हैं और निश्चित रूप से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के एजेंट हैं।



शर्मा कुछ महीनों से गोगोई और उनकी ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न पर निशाना साध रहे हैं। शर्मा आरोप लगाते रहे हैं कि गोगोई और उनकी पत्नी का पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध है।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''हो सकता है कि उनकी (गोगोई की) पत्नी थोड़ी ज्यादा संलिप्त हों और वह थोड़ा कम हों, लेकिन यह निर्विवाद है कि दोनों पाकिस्तानी एजेंट हैं और हमारे पास पर्याप्त सबूत हैं।'' उन्होंने कहा कि गायक जुबिन गर्ग के निधन के बाद अक्टूबर और नवंबर असम के लोगों के लिए दुख से भरा रहा है और यही कारण है कि वह इस मुद्दे पर कोई कदम नहीं उठा रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शर्मा ने कहा कि यह राजनीति के लिए ठीक समय नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया, '' लेकिन, मैं राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर कह रहा हूं कि वह और उनका परिवार पाकिस्तान के साथ मिले हुए हैं।''

# लाल किला विस्फोट स्पष्ट तौर पर 'आंतकी हमला', भारतीय सवाधानीपूर्वक जांच कर रहे : रुबियो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**न्यूयॉर्क/भाषा।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि भारत की राजधानी में लाल किले के नजदीक कार विस्फोट ''स्पष्ट रूप से'' एक आतंकवादी हमला है। उन्होंने इस घटना की जांच में भारत की ''बहुत ही संतुलित'' और ''बेहद पेशेवर'' भूमिका की सराहना की।

दिल्ली में लाल किले के नजदीक सोमवार शाम को हुए एक उच्च-तीव्रता वाले विस्फोट में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। भारत ने बुधवार को इस कार विस्फोट को ''जघन्य आतंकी घटना'' करार दिया।

रुबियो ने बुधवार को कनाडा के हैमिल्टन में प्रेस को दिए अपने बयान में कहा, ''हां, हमें इसके परिणाम का एहसास है। लेकिन मुझे लगता है कि भारतीयों की सराहना की जानी चाहिए। वे इस जांच को बहुत सोच-समझकर, सावधानी से और बहुत ही पेशेवर तरीके से अंजाम दे रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''जांच जारी है। साफ है कि यह एक आतंकवादी हमला था। यह अत्यधिक विस्फोटक पदार्थों से भरी एक कार थी जिसमें विस्फोट हुआ और कई लोग मारे गए।''



अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, ''(लेकिन) मुझे लगता है कि वे बहुत अच्छे तरीके से जांच कर रहे हैं। मुझे लगता है कि जब उनके पास तथ्य होंगे, तो वे उन तथ्यों को सार्वजनिक कर देंगे।'' उन्होंने यह टिप्पणी दिल्ली में लाल किले के नजदीक हुए विस्फोट और मई में भारत-पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष की पृष्ठभूमि में दोनों पड़ोसी देशों के बीच बढ़ते तनाव को लेकर उनकी चिंता के बारे में पूछे जाने पर की।

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान में स्थित आतंकी ढांचे को निशाना बनाकर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। 10 मई को दोनों पक्षों के सैन्य अभियान महानिदेशकों के बीच हुई बातचीत के बाद सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी थी।

रुबियो ने नियाग्रा में जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी मुलाकात की। इस पर रुबियो ने कहा, ''हम इस घटना के संभावित परिणामों से वाकिफ हैं। हमने आज इस पर थोड़ी चर्चा भी की है कि इसका दायरा कितना बढ़ सकता है। लेकिन हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि भारत की जांच क्या सामने लाती है।'' उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ने मदद की पेशकश की है ''लेकिन मुझे लगता है कि वे (भारतीय एजेंसियां) इस तरह की जांच में बहुत सक्षम हैं। उन्हें हमारी मदद की आवश्यकता नहीं है। वे बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और मैंने पाया कि वे हमेशा की तरह इस बार भी बहुत संयमित और पेशेवर तरीके से आगे बढ़ रहे हैं।''

# नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ कुंभ : फडणवीस ने 5,757 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नासिक/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि आगामी सिंहस्थ कुंभ मेले के लिए 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है जिससे नासिक एक प्रमुख पर्यटन एवं तीर्थस्थल के रूप में स्थापित होगा। फडणवीस ने 5,757 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। फडणवीस ने कई परियोजनाओं का भूमिपूजन करने के बाद कहा कि ये सभी कार्य पारदर्शी तरीके से किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 12 साल में एक बार आयोजित होने वाले इस पर्व के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम के बाद एक रैली में मुख्यमंत्री ने कहा, हमने योजना बनाई है कि ये सभी कार्य कम से कम 25 वर्षों तक टिके रहें और नासिक तथा त्र्यंबकेश्वर की सूरत बदल दें। इससे नासिक एक प्रमुख पर्यटन और तीर्थस्थल बन जाएगा। राज्य सरकार इन कार्यों के लिए अधिग्रहित की जाने वाली भूमि के लिए अच्छा मुआवजा देगी। उन्होंने कहा, ''यह कुंभ विशेष है और यह 75 साल बाद 'त्रिखंड योग' के दौरान पड़ रहा है। इसलिए, यह 28 महीने तक जारी रहेगा। यह 31



अक्टूबर 2026 को शुरू होगा और 24 जुलाई 2028 तक जारी रहेगा। दुनिया भर से लोग प्रयागराज कुंभ में पहुंचे थे और नासिक कुंभ भी इस परंपरा का एक हिस्सा है।''

मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारों ने 20 हजार करोड़ रुपये की लागत वाले कार्यों को मंजूरी दी है जिनमें से 5,757 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का 'भूमिपूजन' आज किया गया। फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कुंभ मेले के प्रभारी राज्य मंत्री गिरीश महाजन तथा वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कहा कि राज्य में सबसे बड़े जिला परिषद भवन का भी उद्घाटन यहां किया गया है।

मुख्यमंत्री ने पंचवटी में रामकुंड क्षेत्र का भी दौरा किया और प्रस्तावित 99.14 करोड़ रुपये के रामकाल पथ के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर शिंदे ने कहा कि सिंहस्थ कुंभ मेला सिर्फ एक धार्मिक उत्सव नहीं होगा, बल्कि यह भारत को वैश्विक आध्यात्मिक मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करेगा।

बाद में फडणवीस और शिंदे ने भगवान कालाराम मंदिर में प्रार्थना की। इसके अलावा एक अन्य घटनाक्रम में, पूर्व विधायक और कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिरीष कोटवाल तथा अन्य लोग राज्य के जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए।



## श्री श्री रविशंकर ने श्रीनगर में मीरवाइज उमर फारूक से मुलाकात की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर ने बृहस्पतिवार को यहां हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक से उनके आवास पर मुलाकात की। मीरवाइज ने एक बयान में कहा, सौहार्दपूर्ण बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने आज की दुनिया में शांति, करुणा और अंतर-धार्मिक सद्भाव के महत्व पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि सात वर्षों के बाद कश्मीर की यात्रा पर आए श्री श्री ने फिर से घाटी आने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा सह-अस्तित्व के प्रतीक के रूप में इसकी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की सराहना की। बयान के अनुसार, कश्मीर के प्रमुख धर्मगुरु ने दोहराया कि मीरवाइज की संस्था शांति और वार्ता के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि मुद्दों को सुलझाने और मतभेदों को हल करने के लिए यह सबसे मानवीय और प्रभावी साधन है। दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि अन्याय और शक्तिहीनता से कट्टरपंथ को बढ़ावा मिलता है, जो शांति के लिए खतरा है।

मीरवाइज ने घाटी में श्री श्री द्वारा हाल में चलाए गए नशा विरोधी अभियान की भी सराहना की। श्री श्री के श्रीनगर सेंट्रल जेल के आगामी दौरे पर, मीरवाइज़ ने ज़ोर देकर कहा कि राजनीतिक बंदियों और युवाओं की रिहाई के प्रयासों में एक दयालु और मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने आध्यात्मिक गुरु से इसमें भूमिका निभाने का आग्रह किया। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि शांति और मानव सम्मान को बढ़ावा देने के लिए निरंतर संवाद और आपसी समझ आवश्यक है।

## आंध्र प्रदेश वैश्विक बाजार में प्रवेश का द्वार है : नायडू ने यूरोपीय देशों और कारोबारियों से कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**विशाखापट्टनम/भाषा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बृहस्पतिवार को यूरोपीय देशों और व्यापारियों को राज्य की सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि यह राज्य वैश्विक बाजार में प्रवेश का द्वार होगा। 'पार्टनर्स इन प्रोग्रेस-इंडिया-यूरोप कोऑपरेशन फॉर सस्टेनेबल ग्रोथ' विषय पर 14 और 15 नवंबर को होने वाले 30वें सीआईआई पार्टनरशिप शिखर सम्मेलन से पहले आयोजित गोलमेज बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश में कारोबार करने की सुगमता, गति और लागत अभूतपूर्व है।

नायडू ने कहा, आंध्र प्रदेश विभिन्न क्षेत्रों में अपार अवसरों के साथ वैश्विक




बाजार में प्रवेश का द्वार बनेगा। राज्य में कारोबार करने की सुगमता, गति और लागत अभूतपूर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोत्साहन देने और व्यापार अनुमति तेजी से जारी करने के मामले में इस दक्षिणी राज्य की कोई तुलना नहीं है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में विनिर्मित वस्तुओं, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण और अन्य क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। दक्षिणी राज्य में हाल में किए गए निवेश वादों का उल्लेख करते हुए नायडू ने बताया कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल 15 अरब डॉलर के निवेश से एक एआई डेटा केंद्र स्थापित करेगी और इसके साथ ही समुद्र के भीतर सिंगापुर तक केबलें बिछाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि आंध्र प्रदेश बड़े पैमाने पर उद्योगों को बढ़ावा दे रहा है और इसी के तहत राज्य सरकार ने 'स्पीड ऑफ डूइंग बिजनेस' नीति अपनाई है, जिसके जरिए 45 दिनों के भीतर आवेदन निपटाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने वैश्विक निवेशकों से आंध्र प्रदेश में निवेश करने की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि उनके आवेदनों की निगरानी और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक निवेशक को एक अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। आर्मेनिया गणराज्य के अर्थव्यवस्था मंत्री गेवरग पापोयान, स्विट्ज़रलैंड स्थित फर्स्टजेन होल्डिंग लिमिटेड की 'चीफ इम्पैक्ट ऑफिसर' क्लमेंस कोपेकिन, प्रोफेसर बर्ट्रम लोहम्यूलर सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति इस गोलमेज बैठक में शामिल हुए।

## 'सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' ने स्थापित किए नए मानक'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पोरबंदर/भाषा।** भारत के शीर्ष सैन्य कमांडरों ने बृहस्पतिवार को कहा कि ''अभ्यास 'त्रिशूल' ने संयुक्तता और आपसी तालमेल बिठाने की क्षमता के लिहाज से नए मानक स्थापित किए हैं तथा हम इससे और अधिक मजबूत होकर लौट रहे हैं।'' लगभग दो सप्ताह तक जारी रहने वाला तीनों सेनाओं का विशाल अभ्यास इसके अंतिम हिस्से 'एम्फेक्स 2025' के समापन के बाद पूरा हो जाएगा, जो वर्तमान में गुजरात के सौराष्ट्र तट के माधवपुर अपतटीय क्षेत्र में जारी है।

सेना की दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ' लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ; नौसेना की पश्चिमी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ' वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन



और दक्षिण पश्चिमी वायु कमान के 'एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ' एयर मार्शल नागेश कपूर ने 'एम्फेक्स 2025' शुरू होने से पहले मीडिया से बातचीत की। थार रेगिस्तान से लेकर कच्छ तक, थलसेना, नौसेना और वायुसेना पिछले दो सप्ताह से अभ्यास 'त्रिशूल' के तहत उप-अभ्यासों की एक श्रृंखला में भाग ले रही हैं। लेफ्टिनेंट जनरल सेठ ने कहा कि इस अभ्यास ने संयुक्तता, एकीकरण और आपसी तालमेल बिठाने की क्षमता के लिहाज से एक नया मानदंड स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि नए अस्त्र-शस्त्रों, सैन्य उपकरणों और प्रक्रियाओं का परीक्षण किया गया तथा त्रिशूल अभ्यास ने इनके सटीक प्रदर्शन पर मुहर लगा दी। दक्षिणी कमान के जीओसी-इन-सी' ने कहा, ''हम भविष्य की सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं।'' वाइस एडमिरल स्वामीनाथन ने कहा कि इस अभ्यास में सेना के लगभग 30,000 जवान, अनेक लड़ाकू विमान और नौसेना के लगभग 25 जहाज एवं पनडुब्बियां शामिल हुईं।

## सीआईएससीई बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 17 फरवरी से, 12वीं की परीक्षाएं 12 फरवरी से

**नई दिल्ली।** भारतीय स्कूल प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) की 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 17 फरवरी और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 12 फरवरी से शुरू होंगी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस वर्ष लगभग 2.6 लाख अभ्यर्थी आईसीएसई (कक्षा 10वीं) परीक्षा में बैठेंगे, जबकि लगभग 1.5 लाख अभ्यर्थी आईएससी (कक्षा 12) परीक्षा में बैठेंगे। सीआईएससीई के मुख्य कार्यकारी एवं सचिव जोसेफ इमैनुएल ने कहा, इस वर्ष की परीक्षा अनुसूची को संतुलित शैक्षणिक कैलेंडर सुनिश्चित करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है, जिससे अभ्यर्थियों को प्रमुख विषयों के बीच यथासंभव उचित तैयारी का समय मिल सके।

उन्होंने बताया कि कक्षा 10 की परीक्षाएं 17 फरवरी से 30 मार्च तक और कक्षा 12 की परीक्षाएं 12 फरवरी से 6 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि जारी किए गए डेटशीट में आईसीएसई की 75 विषयों और आईएससी की 50 विषयों की पूरी परीक्षा समय-सारणी शामिल है।

## सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध उमर धमाके से पहले दिल्ली में दाखिल होते व मस्जिद जाते हुए दिखा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली में लाल किले के पास सोमवार शाम को हुए विस्फोट का एक नया सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें उस दिन मुख्य संदिग्ध डॉ. उमर नबी को बदरपुर बॉर्डर टोल प्लाजा से दिल्ली में प्रवेश करते हुए और बाद में रामलीला मैदान के नजदीक एक मस्जिद के पास टहलते हुए देखा जा सकता है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बदरपुर टोल प्लाजा के फुटेज में उमर को विस्फोट के दिन 10 नवंबर को एक सफेद हुंदै आई20 कार चलाते हुए और सुबह 8.02 बजे टोल गेट पर रुकते हुए देखा जा सकता है। कार कुछ देर के लिए रुकती है व उमर नकदी निकालता है और आगे बढ़ने से पहले उसे टोल ऑपरेटर को सौंप देता है। जांचकर्ताओं ने बताया कि मास्क पहने हुए उमर बार-बार सीसीटीवी कैमरे की ओर देख रहा था - संभवत: उसे पता था कि सुरक्षा एजेंसियां उसकी तलाश में हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि (सीसीटीवी फुटेज में) कार की पिछली सीट पर एक बड़ा बैग भी रखा हुआ देखा जा सकता है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि उसमें विस्फोटक रखा हुआ था।

पुलिस अधिकारी ने कहा, ''सीसीटीवी कैमरे की ओर उसका बार-बार देखना इस बात का संकेत हैं कि उसे पता था कि एजेंसियां उसे ढूंढ रही हैं, और वह सचेत होकर अपने आस-पास की गतिविधियों पर नजर रख रहा था।'' उसी दिन बाद में, रामलीला मैदान के पास एक मस्जिद के पास की गली से एक और सीसीटीवी क्लिप में उमर को एक संकरी सड़क पर चलते हुए देखा जा सकता है, जिसके बाद वह कुछ देर के लिए अपना सिर घुमाता है - और इस क्षण उसका चेहरा कैमरे में स्पष्ट रूप से दर्ज हो जाता है।

पुलिस को संदेह है कि लाल किले की ओर बढ़ने से पहले वह नमाज अदा करने के लिए मस्जिद गया था। दिल्ली में सोमवार शाम को लाल किले के पास शाम 6:52 बजे एक हुंदै आई20 कार में विस्फोट हुआ था, जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। विस्फोट का प्रभाव इतना भीषण था कि कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए तथा घटनास्थल से प्राप्त दृश्यों में क्षत-विक्षत शव और बिखरा हुआ मलबा दिखाई दे रहा था। अधिकारियों ने बताया कि उमर को घटना वाले दिन दिल्ली में कई सीसीटीवी क्लिप में देखा गया था, जिसमें लाल किले के पास सुनहरी मस्जिद पार्किंग स्थल का एक वीडियो भी शामिल था। सुनहरी मस्जिद पार्किंग स्थल से प्राप्त एक विशेष फुटेज में उसे अपराह्न 3:19 बजे प्रवेश करते और शाम 6:28 बजे बाहर निकलते हुए देखा जा सकता है।



### विस्फोट से पहले उमर का शांत भाव से कार चलाना और बार-बार मार्ग बदलने का पता चला

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस ने लाल किला विस्फोट के आरोपी डॉ. उमर नबी द्वारा इस घटना को अंजाम दिए जाने से पहले उसके फरीदाबाद से निकलने और फिर अलग-अलग रास्तों से होकर लाल किला पहुंचने तक के रूट की कड़ी से कड़ी जोड़ी है। इसके लिए पुलिस ने अलग-अलग स्थानों के 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है। पुलिस ने पता लगाया है कि कैसे उमर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के रास्ते हरियाणा से दिल्ली आया, सड़क किनारे एक ढाबे पर खाना खाने के लिए रुका और अगली सुबह राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने से पहले अपनी कार में रात बिताई।

सोमवार शाम को लाल किला मेट्रो स्टेशन के नजदीक हुंदै आई20 कार में हुए विस्फोट में 13 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में दर्ज उमर की गतिविधियां गहरी साजिश और पकड़े जाने से बचने के लिए की गई कोशिशों की ओर इशारा करती हैं। पुलिस के एक सूत्र ने बताया कि उमर ने रविवार को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से सफर शुरू किया और फिर एक्सप्रेसवे से उतरकर हरियाणा के नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका पहुंचा। बताया जा रहा है कि वह वहां सड़क किनारे एक ढाबे पर रुका और अपनी कार में ही रात बिताई। पुलिस सूत्र ने कहा, उमर छिपने की कोशिश करता हुआ तो लग रहा था, लेकिन घबराया हुआ नहीं था। उसने बड़े शहरों से गुजरने से परहेज किया और राजमार्गों और छोटे ढाबों पर रुकने को तरजीह दी।



## पुस्तकें उत्प्रेरक की भूमिका निभाती हैं, युवा इन्हें पढ़ने की आदत विकसित करें : धर्मेंद्र प्रधान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अहमदाबाद।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बृहस्पतिवार को कहा कि पुस्तकें जीवन में उत्प्रेरक की भूमिका निभाती हैं और युवाओं को इन्हें पढ़ने की आदत विकसित करनी चाहिए। उन्होंने गुजरात को एक ''बौद्धिक राज्य'' बताया जो पढ़ने और पढ़ाने की संस्कृति में हमेशा अग्रणी रहा है। प्रधान और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने साबरमती इवेंट सेंटर में अहमदाबाद 'अंतरराष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव 2025' और 'फूड फॉर थॉट फेस्ट' का उद्घाटन किया।

केंद्रीय मंत्री ने समारोह से इतर संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''मैं अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) और राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) को बधाई देना चाहता हूं। कई वर्षों से वे लगातार अहमदाबाद में खूबसूरत पुस्तक मेलों का आयोजन करते आ रहे हैं। इस बार उन्होंने इसे वैश्विक स्तर पर पहुंचा दिया है। देश भर के 300 से अधिक प्रकाशक इस मेले में हिस्सा ले रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''गुजरात हमेशा से पढ़ने और पढ़ाने में अग्रणी रहा है। यह एक बौद्धिक और चिंतनशील राज्य है। ऐसे राज्य में पुस्तकें उत्प्रेरक की भूमिका निभाती हैं।''प्रधान ने कहा, ''यह आवश्यक है कि नई पीढ़ी पुरानी पुस्तकों को पढ़ने के साथ-साथ तकनीक-आधारित पठन में भी रुचि विकसित करे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे और आज जब वह देश का नेतृत्व कर रहे हैं, पुस्तकालय आंदोलन, पुस्तक मेलों और साहित्यिक आंदोलन पर हमेशा जोर देते हैं।'' उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला युवा पीढ़ी में पढ़ने के प्रति रुचि पैदा करेगा। प्रधान और मुख्यमंत्री पटेल ने उसी स्थल पर आयोजित फूड फॉर थॉट फेस्ट' का भी दौरा किया। यह 16 नवंबर तक चलेगा। 'वांचे गुजरात 2.0' के तहत, पुस्तक महोत्सव 13 नवंबर को शुरू हुआ और 23 नवंबर जारी रहेगा जबकि फूड फेस्ट का 16 नवंबर को समापन होगा।

## ईडी ने चैतन्य बघेल की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले की जारी जांच के सिलसिले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क की है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

एजेंसी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि ईडी ने 59.96 करोड़ रुपये मूल्य के 364 आवासीय भूखंडों और कृषि भूमि के रूप में अचल संपत्तियों को कुर्क करने के अलावा बैंक बचत और सावधि जमा के रूप में 1.24 करोड़ रुपये मूल्य की चल संपत्ति जब्त की है।

ईडी ने राज्य में हुए शराब घोटाले में भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो/आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, रायपुर द्वारा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की है। बयान में कहा गया है, पुलिस जांच से पता चला है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और अपराध से अर्जित 2,500 करोड़ रुपये से अधिक की आय से



लाभार्थियों की जेबें भरी गईं।

धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ईडी की जांच से पता चला है कि चैतन्य बघेल 'शराब सिंडिकेट के शीर्ष'' स्तर पर थे। ईडी ने कहा, ''मुख्यमंत्री के पुत्र होने के नाते, चैतन्य बघेल शराब सिंडिकेट के नियंत्रक और प्रमुख अधिकारी थे। सिंडिकेट द्वारा एकत्र किये गए सभी अवैध धन का हिसाब-किताब रखने की ज़िम्मेदारी उनकी ही थी। ऐसे धन के संग्रह और वितरण से जुड़े सभी बड़े फ़ैसले उनके निर्देशों पर लिए जाते थे।''

ईडी ने आरोप लगाया है कि चैतन्य बघेल अपराध की आय के प्राप्तकर्ता थे, जिसे उन्होंने अपने रियल एस्टेट व्यवसाय के माध्यम से बढ़ाया और बेदाग संपत्ति बताया। उन्होंने कथित तौर पर शराब घोटाले से प्राप्त आय का उपयोग अपनी स्वामित्व वाली कंपनी, बघेल डेवलपर्स के तहत अपनी रियल एस्टेट परियोजना ''विट्ठल ग्रीन'' में किया।

बयान में कहा गया है, चैतन्य बघेल को ईडी ने 18 जुलाई 2025 को गिरफ्तार किया था और वर्तमान में वह न्यायिक हिरासत में हैं। इससे पहले, इस मामले में अनिल टुटेजा (पूर्व आईएएस अधिकारी), अरविंद सिंह, त्रिलोक सिंह ढिल्लों, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी (पूर्व आबकारी अधिकारी) और कवासी लखमा (विधायक और छत्तीसगढ़ के तत्कालीन आबकारी मंत्री) को ईडी ने गिरफ्तार किया था। इसमें कहा गया है कि 61.20 करोड़ रुपये की वर्तमान कुर्की, लगभग 215 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियों की पूर्व की कुर्की के क्रम में है।

## श्रीनगर में मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात, तापमान शून्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** कश्मीर में ठिठुरन बढ़ने के साथ ही अधिकतर स्थानों पर रात का तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस यानी हिमांक बिंदु से नीचे रहा और श्रीनगर में मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई जहां तापमान शून्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस नीचे था। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। श्रीनगर में बुधवार रात न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम रहा।

मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और घाटी के अन्य सभी मौसम केंद्रों में रात के समय तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि पर्यटन स्थल पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस नीचे



और स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। घाटी के प्रवेश द्वार काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। मौसम विभाग ने कश्मीर में 15 नवंबर तक मुख्य रूप से शुष्क मौसम रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया और कहा है कि रात में तापमान के और भी कम होने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 16 नवंबर को कश्मीर के कुछ स्थानों पर बारिश और ऊंचे इलाकों में बर्फबारी की संभावना है।




# वर्ष 2047 तक भारत आत्मनिर्भर और विश्व स्तर पर प्रभावशाली बनने के लिए तैयार है : अभय करंदीकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। 'भारत अपनी विज्ञान और प्रौद्योगिकी यात्रा के एक निर्णायक चरण में प्रवेश कर रहा है। हमारा लक्ष्य केवल अनुसंधान उत्पादन का विस्तार करना नहीं है, बल्कि एक ऐसा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है जो विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी, आर्थिक रूप से प्रभावशाली और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप हो। यह विचार भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग(डीएसटी) के सचिव डॉ. अभय करंदीकर ने तीन दिवसीय आईईईई फ्यूचर नेटवर्क्स वर्ल्ड फोरम 2025 को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

करंदीकर ने कहा कि राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान से लेकर क्वांटम और साइबर-भौतिक प्रणाली मिशन और अब 1 ट्रिलियन अनुसंधान एवं विकास एवं नवाचार कोष तक, नई पहल क्षमताओं को गहन बनाने, व्यावसायीकरण में तेज़ी लाने और यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं कि भारत भविष्य की तकनीकों को आकार देने में अग्रणी भूमिका निभाए। हम एक ऐसा विज्ञान और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र बना रहे हैं जो भविष्य के लिए तैयार, आत्मनिर्भर और विश्व स्तर पर प्रभावशाली हो, क्योंकि हम 2047 तक एक विकसित भारत के विजन की ओर बढ़ रहे हैं। डॉ. करंदीकर ने ये टिप्पणियां डीप टेक, संचार, अंतरिक्ष, क्वांटम कंप्यूटिंग और एआई सहित रणनीतिक क्षेत्रों में अनुसंधान, नवाचार और उन्नत प्रौद्योगिकी विकास को मजबूत करने के लिए भारत के चल रहे राष्ट्रीय प्रयासों के संदर्भ में कीं।

इस आयोजन में दुनिया भर के शोधकर्ता, संबंधित उद्योग के लीडर और नेटवर्क आर्किटेक्ट शामिल हुए। इस मौके पर वर्चुअली शामिल हुए इंटरनेट के जनक विंटन ग्रे सर्फ़ ने कहा, नेटवर्किंग का भविष्य पहले से ही समुद्र के नीचे फाइबर प्रणालियों के विस्तार और पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थित उपग्रह नेटवर्क के उदय के माध्यम से सामने आ रहा है, जो दूरदराज के क्षेत्रों, समुद्री मार्गों और उन जगहों तक कनेक्टिविटी का विस्तार कर रहे हैं जहाँ केबल बिछाना अव्यावहारिक है। हालाँकि, कनेक्टिविटी की बढ़ती सुविधा और सर्वव्यापकता इन प्रणालियों पर हमारी निर्भरता भी बढ़ा रही है। दुर्घटनाओं, साइबर हमलों या बुनियादी ढाँचे की विफलताओं के कारण होने वाले व्यवधानों के तत्काल और गंभीर परिणाम हो सकते हैं। चूँकि अरबों लोग अब डिजिटल संचार की निरंतर पहुँच पर निर्भर हैं, इसलिए विविध मार्गों, बैकअप क्षमताओं और मज़बूत सुरक्षा वाले लचीले नेटवर्क का निर्माण आवश्यक है। नेटवर्किंग का अगला चरण न केवल पहुँच से, बल्कि विफलताओं को झेलने की उसकी क्षमता से भी परिभाषित होगा। जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय से संबद्ध आईईईई फ्यूचर नेटवर्क्स वर्ल्ड फ़ोरम के संस्थापक सह-अध्यक्ष आशुतोष दत्ता ने कहा कि यह वर्ल्ड फ़ोरम न केवल 5जी की तैनाती में तेज़ी लाएगा, बल्कि 6जी अनुसंधान और विकास का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। यह फ़ोरम उद्योग, शिक्षा जगत, सरकार और स्टार्टअप्स को मानवता के लिए उन्नत तकनीक हेतु एक नया पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में सहयोग और भागीदारी के लिए एक मंच प्रदान करता है।

# कर्नाटक उच्च न्यायालय ने चित्तापुर में 300 प्रतिभागियों के साथ आरएसएस के पथ संचलन की अनुमति दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कलबुर्गी संयोजक द्वारा दायर उस याचिका का बृहस्पतिवार को निपटारा कर दिया, जिसमें चित्तापुर शहर में पथ संचलन आयोजित करने की अनुमति मांगी गई थी। अदालत ने 16 नवंबर को 300 प्रतिभागियों और 50 सदस्यीय बैंड के साथ पथ संचलन की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति एम जी एस कमल ने कहा कि चित्तपुर के तहसीलदार ने 16 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम के लिए पहले ही कुछ शर्तों के साथ अनुमति दे दी थी।

पिछले सप्ताह सरकार ने अदालत को सूचित किया था कि वह याचिकाकर्ता के पथ संचलन के प्रस्ताव पर सकारात्मक रूप से विचार करेगा। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अरुणा श्याम ने कार्यक्रम की अनुमति देने के लिए अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया, लेकिन अदालत से तहसीलदार के आदेश में दो शर्तों को संशोधित करने का अनुरोध किया। उन्होंने संगठन के शताब्दी समारोह और इस अवसर से जुड़ी जनभावना का हवाला देते हुए प्रतिभागियों की संख्या 300 से बढ़ाकर 600 करने तथा बैंड सदस्यों की संख्या 25 से बढ़ाकर 50 करने का अनुरोध किया।

सरकार की ओर से उपस्थित महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी ने प्रतिभागियों की संख्या बढ़ाने की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि 300 की संख्या याचिकाकर्ता द्वारा आस-पास के क्षेत्रों में आयोजित इसी तरह के पथ संचलन का आकलन करने के बाद तय की गई थी, जिसमें आमतौर पर 100-150 प्रतिभागी होते थे। हालांकि, उन्होंने बैंड की सदस्य संख्या 25 से बढ़ाकर 50 करने पर कोई आपत्ति नहीं जताई।

सरकार के तर्क से सहमति जताते हुए न्यायालय ने केवल बैंड के संबंध में संशोधन की अनुमति दी तथा 300 (पथ संचलन प्रतिभागियों) की सीमा को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति कमल ने कहा, बैंड की संख्या बढ़ाकर 50 करने के अलावा, तहसीलदार के बाकी के आदेश में कोई बदलाव नहीं होगा। इस प्रकार, न्यायालय ने 16 नवंबर को अधिकतम 300 प्रतिभागियों और 50 सदस्यीय बैंड के साथ आरएसएस के पथ संचलन की अनुमति दे दी और याचिका का निपटारा कर दिया गया। कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियंक खरगे के गृह क्षेत्र चित्तापुर में अधिकारियों ने शांति और कानून-व्यवस्था भंग होने की आशंका का हवाला देते हुए 19 अक्टूबर को आरएसएस के पथ संचलन की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

चित्तापुर के तहसीलदार ने बताया था कि भीम आर्मी संगठन ने भी पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि वे भी 19 अक्टूबर को उसी मार्ग पर मार्च निकालेंगे। हालांकि, 19 अक्टूबर को आरएसएस की ओर से अशोक पाटिल द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए, उच्च न्यायालय ने उन्हें चित्तपुर में मार्च आयोजित करने की अनुमति मांगने के लिए एक नया आवेदन दायर करने को कहा था। इसने अधिकारियों से आवेदन पर विचार करने और अदालत को रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था।



# आरएमएस का वार्षिक प्रधानाचार्य सम्मेलन हुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों (आरएमएस) का वार्षिक प्रधानाचार्य सम्मेलन दो दिनों के गहन विचार-विमर्श के बाद गुरुवार को राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल, बेलगावी में संपन्न हुआ। यह सम्मेलन इंटीग्रेटेड ट्रेनिंग महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अजय रामदेव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इसमें अतिरिक्त महानिदेशक सेना शिक्षा एवं सेवा प्रमुख मेजर जनरल वीके भट्ट भी मौजूद थे।ृय्स्र

जनरल ऑफिसर्स ने इन प्रतिष्ठित संस्थानों के कामकाज और रणनीतिक विकास से संबंधित विभिन्न महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए प्रधानाचार्यों के साथ बातचीत की। उन्होंने स्कूलों के भविष्य के लिए सार्थक और श्रेष्ठ समाधान तलाशने के उद्देश्य से महत्त्वपूर्ण एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा का नेतृत्व किया।

विचार-विमर्श के प्रमुख क्षेत्रों में सीबीएसई और एनडीए के परिणामों को बेहतर बनाना, सभी क्षेत्रों में बालिका कैडेटों के विकास को महत्त्वपूर्ण प्रोत्साहन देना, अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का प्रावधान सुनिश्चित करना, पाठ्यक्रम को परिष्कृत करना, बजट आवंटन की समीक्षा करना और स्टाफिंग स्तर को अनुकूलित करना शामिल था। पांच स्कूलों आरएमएस चैल, अजमेर, बेलगावी, बेंगलूरु और धौलपुर का प्रतिनिधित्व उनके प्रधानाचार्यों द्वारा किया गया।

# कर्नाटक मंत्रिमंडल ने नई अंतरिक्ष और सूचना प्रौद्योगिकी नीति तथा एलईएपी को मंजूरी दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


बेंगलूरु। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को कर्नाटक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी नीति, सूचना प्रौद्योगिकी नीति और स्थानीय आर्थिक त्वरक कार्यक्रम (एलईएपी) को मंज़ूरी दे दी। कैबिनेट बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए कर्नाटक के कानून और विधायी कार्य मंत्री एच.के. पाटिल ने कहा कि कर्नाटक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी नीति 2025-30 को मंज़ूरी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि आर्थिक अवसरों, राज्य में समग्र वैज्ञानिक सोच को बढ़ाने की क्षमता और इस क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए नीति के पांच रणनीतिक स्तंभ होंगे जिनमें कौशल विकास पहल, निवेश प्रोत्साहन, बुनियादी ढांचा निर्माण, नवाचार और अपनाना एवं जागरूकता शामिल है। सरकार ने वित्त विभाग की सहमति से पांच वर्षों में 445.5 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट के साथ 'कर्नाटक सूचना प्रौद्योगिकी नीति 2025-2030' को लागू करने का संकल्प लिया है। नई नीति का उद्देश्य कृत्रिम मेधा (एआई), ब्लॉकचेन, क्वांटम कंप्यूटिंग, ग्रीन-आईटी और उन्नत साइबर सुरक्षा जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना है। मंत्री ने कहा, ''नीति का उद्देश्य राज्य के पहले से ही मजबूत आईटी क्षेत्र के साथ एआई को सहजता से एकीकृत करना, कर्नाटक को एक वैश्विक एआई केंद्र बनाना, जिससे नए आर्थिक अवसर खुलेंगे, नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और सार्वजनिक सेवा वितरण में सुधार होगा।''

पाटिल ने बताया कि नीति मैसूरु, मंगलूरु, हुब्बल्ली-धारवाड़, बेलगावी, तुमकुरु, कलबुर्गी और शिवमोग्गा जैसे उभरते शहरों में क्लस्टरों को विकसित करके संतुलित विकास पर जोर देती है। विधि एवं पर्यटन मंत्री ने कहा कि स्थानीय आर्थिक त्वरक कार्यक्रम (एलईएपी) के तहत मंत्रिमंडल ने पांच वर्षों में 18.00 करोड़ रुपये के कुल बजट से रक्षा प्रौद्योगिकी और उद्योग में एक उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) स्थापित करने और इस उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना और संचालन के लिए आईआईटी धारवाड़ के धराती फाउंडेशन को कार्यान्वयन भागीदार के रूप में नामित करने का निर्णय लिया।

पाटिल के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में एलईएपी कार्यक्रम के लिए 200 करोड़ रुपये का अनुदान प्रदान किया गया है, जिसका उद्देश्य राज्य भर में पांच लाख नए रोजगार सृजित करना है। उन्होंने कहा कि मैसूरु, मंगलूरु, उडुप्पी-मणिपाल, हुब्बल्ली-धारवाड़, बेलगावी और कलबुर्गी में नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किए जाएंगे। मंत्री ने कहा कि 'इन्क्यूबेटर', 'एक्सेलरेटर', उत्कृष्टता केंद्र और वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र (जीटीसी) स्थापित करने के लिए जीवन-चक्र दृष्टिकोण अपनाया जाएगा।

# कर्नाटक उच्च न्यायालय ने येडीयुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामला रद्द करने से इनकार किया

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. येडीयुरप्पा के खिलाफ दर्ज यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामले को रद्द करने से बृहस्पतिवार को इनकार कर दिया।



न्यायमूर्ति एम. आई. अरुण ने कथित अपराध का संज्ञान लेने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता को समन जारी करने के निचली अदालत के 28 फरवरी के आदेश को बरकरार रखा। हालांकि अदालत ने निर्देश दिया कि मुकदमें के दौरान जब तक बहुत जरूरी ना हो तब तक येडीयुरप्पा की व्यक्तिगत उपस्थिति पर जोर नहीं दिया जाना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि उनकी ओर से व्यक्तिगत उपस्थिति में किसी भी तरह की छूट के लिए दायर याचिका को स्वीकार किया जाना चाहिए हालांकि अगर बहुत जरूरी हो तो उन्हें बुलवाया जा सकता है। एकल न्यायाधीश की पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि येडीयुरप्पा निचली अदालत से राहत का अनुरोध करने को लेकर स्वतंत्र हैं। पीड़िता की मां की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, येडीयुरप्पा ने फरवरी 2024 में बेंगलूरु स्थित अपने आवास पर एक बैठक के दौरान उसकी 17 वर्षीय बेटी का कथित तौर पर यौन शोषण किया था। सदाशिवनगर पुलिस ने 14 मार्च 2024 को मामला दर्ज किया, जिसे बाद में जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीआईडी) को सौंप दिया गया। एजेंसी ने फिर से प्राथमिकी दर्ज की और बाद में पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया।

येडीयुरप्पा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सी.वी. नागेश ने तर्क दिया कि मामला राजनीति से प्रेरित है और शिकायत में विश्वसनीयता का अभाव है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता और उनकी बेटी ने फरवरी 2024 में कई बार बेंगलूरु पुलिस आयुक्त से मुलाकात की थी, लेकिन 14 मार्च तक किसी भी आरोप का उल्लेख नहीं किया था। नागेश ने उच्च न्यायालय से कार्यवाही रद्द करने का आग्रह किया और कहा कि आरोप निराधार हैं। इसका विरोध करते हुए विशेष लोक अभियोजक प्रो. रविवर्मा कुमार ने तर्क दिया कि अधीनस्थ अदालत का आदेश तर्कसंगत था और उसमें उचित न्यायिक विवेक का प्रयोग परिलक्षित हुआ था।

# विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आठ दिसंबर से बेलगावी में

बेंगलूरु। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को राज्य विधानमंडल का 10 दिवसीय शीतकालीन सत्र आठ दिसंबर से बेलगावी में आयोजित करने का फैसला किया। कर्नाटक के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या इस संबंध में अंतिम निर्णय लेंगे। पाटिल ने कहा कि तीन कैबिनेट उप-समितियों को जल्द से जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है, जिन्होंने छह महीने से अधिक समय से अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की थी। मंत्री ने कहा कि एक समिति कोविड-19 के दौरान दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की खरीद पर न्यायमूर्ति जॉन माइकल डी'कुन्हा की रिपोर्ट से संबंधित है। दूसरी समिति का गठन कर्नाटक के विश्वविद्यालयों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करने तथा उपयुक्त सिफारिशें करने के लिए किया गया, जबकि तीसरी समिति को बेंगलूरु-मैसूर अवसंरचना गलियारे के विकास की समीक्षा करने तथा भविष्य में उठाए जाने वाले उचित कदमों की पहल करने का कार्य सौंपा गया है। पाटिल ने कहा कि पहली और दूसरी समिति के अध्यक्ष उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार हैं जबकि तीसरी समिति के अध्यक्ष गृह मंत्री हैं।



# सरकार और संस्थान दोनों को अनुसंधान, विकास और कार्यान्वयन में निवेश करना चाहिए : डॉ देब

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय विज्ञान संस्थान(आईआईएससी) बेंगलूरु ने निट्टे (डीम्ड यूनिवर्सिटी) के एक घटक निट्टे मीनाक्षी प्रौद्योगिकी संस्थान के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित सेमिनार में डिजाइन और विनिर्माण विभाग के प्रोफेसर डॉ. अनिंद्य देब ने कहा कि सरकार को निर्माताओं के लिए स्थायी सामग्रियों का उपयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए, ताकि जीवाश्म ईंधन के दहन और अन्य के कारण पृथ्वी की जलवायु प्रणाली के लंबे समय तक गर्म होने को नियंत्रित और प्रतिबंधित किया जा सके, जिससे ग्रीनहाउस गैस का स्तर बढ़ जाता है, जिसके परिणामस्वरूप ग्लोबल वार्मिंग होती है। उन्होंने कहा कि उन्नत सामग्री और टिकाऊ प्रौद्योगिकियाँ न केवल महत्वपूर्ण हैं, बल्कि एक लचीले, समृद्ध और समतापूर्ण भविष्य के निर्माण के लिए अपरिहार्य भी हैं। सरकार और संस्थानों, दोनों को अनुसंधान, विकास और कार्यान्वयन में निवेश करना चाहिए, क्योंकि यह वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और एक सच्चे टिकाऊ वैश्विक समाज की ओर संक्रमण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

एनएमआईटी के पाठ्यक्रम विकास एवं शैक्षणिक निदेशक डॉ. सुधीर रेड्डी जे. ने कहा, संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में, सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में भारत 99 वें स्थान पर है। भारत की रैंकिंग में सुधार अत्यंत आवश्यक है। हम 2030 तक अपनी स्थिति में उल्लेखनीय सुधार लाने का संकल्प लें। एनएमआईटी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश बाबू एन ने सम्मेलन के उद्देश्यों के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में दुनिया भर से 130 सर्वाधिक मूल्यवान शोध पत्र प्राप्त हुए हैं और लगभग 500 शोधकर्ता भाग ले रहे हैं, साथ ही भारत और दुनिया के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में छात्र भी इसमें भाग ले रहे हैं। एलएंडटी एडुटेक के मैकेनिकल विभागाध्यक्ष डॉ. कुमार एस. मुख्य अतिथि थे। एनएमआईटी के प्राचार्य डॉ. एचसी नागराज ने स्वागत किया और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार जीएल ने धन्यवाद दिया।

# दोपहिया वाहन को कार से टक्कर मारने और परिवार को घायल करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

बेंगलूरु। बेंगलूरु में 23 वर्षीय एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को अपनी कार से एक दोपहिया वाहन को टक्कर मारकर एक दंपति तथा उनके नाबालिग बेटे को घायल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान कोडिगेहल्ली निवासी सुकृत गौड़ा के रूप में हुई है और वह व्हाइटफील्ड में एक निजी फर्म में नौकरी करता है। न्यू बेल रोड पर रामैया अस्पताल बस स्टैंड के पास 26 अक्टूबर की रात यह घटना घटी।

अंकिता पटेल (31), उसके पति विनेथ ए. (33) और उनका बेटा अपने दोपहिया वाहन से सदाशिवनगर थाना जंक्शन की ओर जा रहे थे, तभी लाल रंग की एक टाटा कर्व कार ने उनके दोपहिया वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। कार कथित तौर पर तेज गति और लापरवाही से चलाई जा रही थी। टक्कर के कारण दोपहिया वाहन सवार तीनों लोग गिर गए, जिससे अंकिता और विनेथ घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें एम. एस. रामैया अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लगातार दर्द की शिकायत के बाद विनेथ को सेंट जॉन्स अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने बताया कि बच्चे को मामूली चोटें आईं और उसे अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ दुर्घटना करने और घटनास्थल से भाग जाने का मामला 28 अक्टूबर को दर्ज किया। अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने छह नवंबर को भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या के प्रयास की धारा जोड़ी और मामला सदाशिवनगर थाने को स्थानांतरित कर दिया।

अगले दिन, गौड़ा को बालाजी लेआउट के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान, उसने अपना अपराध कबूल कर लिया और पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार जब्त कर ली।



**चर्चा**

बेंगलूरु में गुरुवार को विधान सौधा में अमेरिका में यूटा वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के सीईओ जोनाथन फ्रीडमैन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से मुलाकात की और चर्चा की।


## आईटीआई लिमिटेड

सीआईएन सं: एल32202केए1950जीओआई000640
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: आईटीआई भवन, दूरवाणीनगर, बेंगलूरु - 560016
वेबसाईट : www.itiltd.in; ई-मेल: cosecy_crp@itiltd.co.in
दूरभाष: +91(80) 2561 7486; फैक्स: +91 (80) 2561 7525

**30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही की समाप्ति पर समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**

लाख रु. में सिवाए प्रति शेयर आँकड़े

| क्रम सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2025 | 30.06.2025 | 30.09.2024 | 30.09.2025 | 30.09.2024 | 31.03.2025 |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1. | प्रचालन से कुल आय | 55,822 | 51,105 | 103,087 | 106,927 | 156,462 | 370,162 |
| 2. | कर से पहले की अवधि का निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और अपवादी मद के पहले कर) | (5,253) | (5,971) | (6,920) | (11,223) | (13,381) | (26,818) |
| 3. | कर के पूर्व निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और अपवादी मद के पश्चात कर) | (5,436) | (6,360) | (7,033) | (11,795) | (16,164) | (21,488) |
| 4. | कर के पश्चात की अवधि का निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और अपवादी मद के पश्चात कर) | (5,436) | (6,360) | (7,033) | (11,795) | (16,164) | (21,488) |
| 5. | अवधि के लिए अन्य व्यापक आय/(हानि) | - | - | 530 | - | - | (392) |
| 6. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ / (हानि) (कर के पश्चात्) और अन्य व्यापक आय (कर के पश्चात्) शामिल] | (5,436) | (6,360) | (6,503) | (11,795) | (16,164) | (21,880) |
| 7. | इक्विटी शेयर पूँजी का भुगतान | 96,089 | 96,089 | 96,089 | 96,089 | 96,089 | 96,089 |
| 8. | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन आरक्षितियाँ को शामिल किए बिना) जैसा कि पिछले वर्ष की लेखापरीक्षित तुलन-पत्र में दिखाया गया है। | 165,246 | 165,246 | 165,246 | 165,246 | 165,246 | 147,470 |
| 9. | अर्जन प्रति शेयर (10रू./प्रति) (जारी रखने एवं बंद किए गए कार्यों के लिए) | | | | | | |
| | 1. बेसिक (रू. में) | (0.57) | (0.66) | (0.73) | (1.23) | (1.68) | (2.24) |
| | 2. डायल्युटेड (रू. में) | (0.57) | (0.66) | (0.73) | (1.23) | (1.68) | (2.24) |

टिप्पणी :

क) उपर्युक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा 13.11.2025 को समीक्षा की गई और संस्तुति के पश्चात् निदेशक मंडल द्वारा 13.11.2025 को संपन्न बैठक में अनुमोदित किए गए।

ख) **स्टैंडअलोन कुंजी की वित्तीय जानकारी :**

| विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30.09.2025 | 30.06.2025 | 30.09.2024 | 30.09.2025 | 30.09.2024 | 31.03.2025 |
| | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| प्रचालन से कुल आय | 54,340 | 49,801 | 101,620 | 104,142 | 153,618 | 361,642 |
| कर के पूर्व लाभ | (5,424) | (6,332) | (7,011) | (11,754) | (16,119) | (23,314) |
| कर के पश्चात लाभ | (5,424) | (6,332) | (7,011) | (11,754) | (16,119) | (23,314) |
| अवधि के लिए अन्य व्यापक आय/(हानि) | - | - | 530 | - | - | (392) |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के पश्चात्) और अन्य व्यापक आय (कर के पश्चात्) शामिल | (5,424) | (6,332) | (6,481) | (11,754) | (16,119) | (23,706) |

ग) उपर्युक्त स्टॉक एक्सचेंजों के सम्मुख सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत प्रस्तुत 30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही की समाप्ति पर वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का उद्धरण है। 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही एवं छमाही की वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप बीएसई लिमिटेड की वेबसाईट www.bseindia.com पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाईट www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाईट www.itiltd.in पर उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते आईटीआई लिमिटेड

स्थान: बेंगलूरु
दिनांक: 13.11.2025

राजीव श्रीवास्तव
महाप्रबंधक- निगमित वित्त एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी




# राजस्थान की आत्मा का उत्सव बनकर उभरेगा घूमर फेस्टिवल : दिया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उप मुख्यमंत्री तथा पर्यटन और कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि राजस्थान की पहचान उसकी रंग-बिरंगी संस्कृति, समृद्ध परंपराओं एवं जीवंत लोकनृत्यों तथा लोक भावनाओं में बसती है। घूमर केवल एक नृत्य नहीं बल्कि राजस्थान की आत्मा है। यह नृत्य हमारे प्रदेश की गौरवशाली कला-संस्कृति और नारीशक्ति के उमंग और उत्साह की लय-तालबद्ध लोक अभिव्यक्ति है। दिया कुमारी ने राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत एवं राजस्थान पर्यटन आयुक्त रूकमणि रियाड़ की उपस्थिति में पर्यटन भवन में गुरूवार को आयोजित घूमर फेस्टीवल-2025 के पोस्टर विमोचन और प्रेस कॉन्फ्रेन्स में उक्त विचार व्यक्त किए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार हमारी सांस्कृतिक धरोहरों, विरासतों का संरक्षण और संवर्द्धन का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में राजस्थान सरकार द्वारा कला, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के माध्यम से पहली बार घूमर फेस्टिवल- 2025 का आयोजन आगामी 19 नवम्बर बुधवार को किया जा रहा है।

दिया कुमारी ने समस्त प्रदेशवासियों, बहनों, बेटियों और कला-प्रेमियों को घूमर फेस्टीवल-2025 में राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा में कार्यक्रम स्थल पर पधारने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से हमारे लोकनृत्य घूमर की गरिमा और भी निखरेगी, और यह आयोजन राजस्थान की आत्मा का उत्सव बनकर उभरेगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अपने आप में ऐतिहासिक है कि घूमर महोत्सव-2025 राज्य के सातों संभाग मुख्यालयों जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, उदयपुर, कोटा और भरतपुर में एक ही दिन 19 नवंबर को एक ही समय पर भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। यह राज्यव्यापी आयोजन अजमेर के खेल स्टेडियम, सम्राट पृथ्वी राज राजकीय महाविद्यालय में, भरतपुर में विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में तथा कार्यशाला, व्यायामशाला, मास्टर आदित्येंद्र सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भरतपुर में, बीकानेर में डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में तथा कार्यशाला, महारानी बालिका विद्यालय, डॉ. कर्णी सिंह स्टेडियम के सामने, जोधपुर में राजकीय उम्मेद स्टेडियम में, जयपुर में फुटबॉल ग्राउंड, विद्याधर नगर स्टेडियम में तथा कार्यशाला, जेकेके में, कोटा में शौर्य घाट, चम्बल नदी तट पर, उदयपुर मे भण्डारी दर्शक मण्डप में तथा कार्यशाला, दीन दयाल उपाध्याय सभागार, नगर निगम उदयपुर में किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संभाग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो स्थानीय स्तर पर सभी व्यवस्थाओं का समन्वय सुनिश्चित करेंगे।

दिया कुमारी ने बताया कि राज्यस्तरीय मुख्य आयोजन विद्याधर नगर स्टेडियम, जयपुर के फुटबॉल ग्राउंड पर बुधवार, 19 नवम्बर को दोपहर 3 बजे से शाम 6:30 बजे तक आयोजित होगा। इस अवसर पर गणगौर घूमर डांस अकादमी की कार्यकारी निदेशक श्रीमती ज्योति तोमर के निर्देशन में कलाकार पारंपरिक लोकसंगीत पर मनोहारी घूमर नृत्य प्रस्तुत करेंगे। इस महोत्सव के लिए विशेष रूप से एक साउंड ट्रैक तैयार किया गया है, जिस पर सभी सातों संभागों में एक साथ नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। इस फेस्टिवल में 12 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाएं तथा किसी भी आयु की महिलाएं भाग ले सकती हैं। यह एक ओपन और समावेशी मंच है जिसमें स्कूल-कॉलेज की छात्राएं, गृहणियाँ, प्रोफेशनल डांसर, कार्यरत महिलाएं और सांस्कृतिक संस्थाओं की सदस्याएँ सहभागिता कर सकती हैं। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर्यटन भवन के हॉल गणेश भित्ति चित्र का आरम्भ में पूजन किया गया। वहीं उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत एवं राजस्थान पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड़ के संग पर्यटन विभाग द्वारा तैयार करवाये हुए घूमर फेस्टिवल- 2025 का पोस्टर विमोचित किया।

## अंता उपचुनाव : मतगणना आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की अंता विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के लिए वोटों की गिनती शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी। बारां जिले में अंता विधानसभा सीट पर मंगलवार को मतदान हुआ था। चुनाव विभाग के एक अधिकारी ने बताया, मतगणना 14 नवम्बर को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बारां के सेमिनार हॉल में होगी। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम रहेंगे और पूरे परिसर की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। इस उपचुनाव में 80.21 प्रतिशत मतदान हुआ। इस क्षेत्र में कुल 2,28,264 मतदाता हैं।

उल्लेखनीय है कि यह सीट भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक कंवरलाल मीणा को अयोग्य घोषित किए जाने के कारण खाली हुई है। सत्तारूढ़ भाजपा ने इस उपचुनाव के लिए मोरपाल सुमन को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस की ओर से पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया चुनाव मैदान में हैं।

कुल 15 उम्मीदवार चुनावी रण में हैं जिनमें निर्दलीय नरेश मीणा भी शामिल हैं। नरेश मीणा ने पिछले साल टोंक जिले की देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर हुआ उपचुनाव लड़ा था और उनपर चुनाव ड्यूटी पर तैनात एक अधिकारी को थप्पड़ मारने और मतदाताओं को धमकाने का आरोप लगा था। राजस्थान में दिसंबर 2023 में सत्ता में आई भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के तहत यह आठवां विधानसभा उपचुनाव है।

पिछले साल नवंबर में सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए थे। मई 2024 में हुए लोकसभा चुनावों में विधायकों के सांसद चुने जाने के कारण पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए थे। दो सीटों पर मौजूदा विधायकों के निधन के कारण उपचुनाव हुए थे। सत्तारूढ़ भाजपा ने उन सात में से पांच सीटें जीती थीं। राज्य की 200 सीट वाली विधानसभा में सत्तारूढ़ भाजपा के पास इस समय 118 विधायक हैं। कांग्रेस के पास 66, भारत आदिवासी पार्टी के पास चार, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पास दो और राष्ट्रीय लोकदल के पास एक विधायक है।

## मप्र पुलिस ने हज कराने के नाम पर ठगी करने वाले दो लोगों को राजस्थान से किया गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंदसौर/जयपुर। मध्यप्रदेश पुलिस ने हज यात्रा कराने के नाम पर मंदसौर और उज्जैन के आठ लोगों से 18.62 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में राजस्थान के जोधपुर से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार करने के बाद अदालत में पेश किया गया। मंदसौर के पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा ने 'पीटीआई वीडियो' से बातचीत में कहा, दोनों आरोपियों को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(2) और 318(4) के तहत गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के बैंक खाते बंद कर दिए गए हैं। अदालत के आदेश के मुताबिक आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बीएनएस की ये धाराएं आपराधिक विश्वासघात और धोखाधड़ी से संपत्ति का हस्तांतरण से संबंधित हैं। मीणा ने बताया कि मंदसौर और उज्जैन के आठ लोगों की शिकायत पर इस साल अप्रैल में कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि जोधपुर निवासी उवैस रजा और सैय्यद हैदर अली ने हज यात्रा कराने के लिए पैकेज के रूप में उनसे 18.62 लाख रुपये लिए थे लेकिन न ही यात्रा कराई और न ही पैसे लौटाए।

## गैंगस्टर आनंदपाल सिंह मुठभेड़ मामले में पुलिस अधिकारियों को जोधपुर की अदालत से राहत

जोधपुर। जोधपुर की जिला एवं सत्र अदालत ने चूरू के पूर्व पुलिस अधीक्षक राहुल बारहट और छह अन्य पुलिस अधिकारियों को राहत देते हुए, गैंगस्टर आनंदपाल सिंह मुठभेड़ मामले में उनके खिलाफ हत्या के आरोप लगाने के निचली अदालत के निर्देश को पलट दिया है। इस फैसले ने अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीबीआई मामले) अदालत के जुलाई 2024 के आदेश को उलट दिया, जिसमें निर्देश दिया गया था कि 2017 की मुठभेड़ में शामिल अधिकारियों के खिलाफ हत्या के आरोप लगाए जाए। सिंह 24 जून 2017 को चूरू जिले के मालासर गांव में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। उसकी मौत के बाद, उसकी पत्नी राज कंवर सहित उसके परिवार ने आरोप लगाया कि यह एक फर्जी मुठभेड़ थी और सीबीआई जांच की मांग की थी।

## राजस्थान की जल संरक्षण और संचयन में बन रही नई पहचान : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के जल संरक्षण और संचयन के कार्य राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बना रहे हैं। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग द्वारा घोषित छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कारों-2024 में खरलां जल उपयोक्ता संगम, श्रीगंगानगर ने सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ श्रेणी में तृतीय एवं बजरंग लाल जेठू (सीकर) ने जल क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम पुरस्कार (पश्चिम क्षेत्र) प्राप्त किया है। इनके अतिरिक्त बिरला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, पिलानी ने स्कूल और कॉलेज के अलावा सर्वश्रेष्ठ संस्थान की इनसाइड कैंपस उपश्रेणी में द्वितीय-संयुक्त, अंबुजा फाउण्डेशन, जयपुर ने सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया है।

सीकर के बजरंगलाल जेठू वर्ष 1993 से जल संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय है। उन्होंने जल संसाधनों के जीर्णोद्धार, पुनर्स्थापन और संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। इसके अलावा, स्कूलों, उद्यानों और श्मशान जैसे सार्वजनिक स्थानों पर जल संरक्षण के विभिन्न नवाचार भी किए हैं। वहीं, श्रीगंगानगर के खरलां जल उपयोक्ता संगम ने नहरों व खालों की सफाई, लोगों को वसूली कैंप के प्रति जागरूक करना, काश्तकारों के हित में उनको नई तकनीक से अवगत करवाने जैसे उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इन कार्यों के माध्यम से आमजन में जल के महत्व के प्रति जागरूकता आई है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश की जल संरक्षण और इसके संचयन के क्षेत्र में नई पहचान बन रही है। आमजन जल की महत्ता के प्रति जागरूक भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल की उपलब्धता और इसके संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। सरकार ने प्रदेशभर में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान संचालित कर जल संरक्षण और संचयन के कार्यों को नई दिशा दी है। इसके तहत जलाशयों की मरम्मत, सफाई, जल निकासी व्यवस्था में सुधार, अतिक्रमण हटाना, बांध क्षेत्रों में श्रमदान, पौधारोपण, जल संग्रहण और जल संरक्षण संरचनाओं सम्बंधित कार्य किए गए हैं। इसके साथ ही, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के माध्यम से भूजल रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण भी किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के लिए 46 विजेताओं की घोषणा की है। ये पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ राज्य, सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत, सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ विद्यालय या महाविद्यालय, सर्वश्रेष्ठ उद्योग, सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ, सर्वश्रेष्ठ संस्थान , सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज और जल क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति सहित 10 श्रेणियों में दिए जाएंगे।




# चारागाह बचाओ अभियान में जूलीफ्लोरा को समूल नष्ट करेंगे : मदन दिलावर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि प्रदेश में कई स्थानों पर भूजल स्तर काफी नीचे पहुंच गया है, भूमि में नमी नहीं होने से वनस्पतियां उत्पादित नहीं हो रही हैं और मिट्टी के निरंतर कटाव से भूमि की उर्वरा शक्ति कम हो रही है। इन परिस्थितियों को देखते हुए हमें बारिश के पानी को एकत्र कर भूजल रिचार्ज बढ़ाने के लिए जल ग्रहण विकास के कार्य करने होंगे। साथ ही, पेड़-पौधे लगाकर मिट्टी का कटाव रोकने एवं नदियों, तालाबों तथा परम्परागत जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार के कार्य मिशन वाटरशेड के तहत करने होंगे। इन्हीं लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आज से उण्डवा में राज्य स्तरीय वाटरशेड महोत्सव एवं मिशन जल ग्रहण पुनरुत्थान कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ है।

दिलावर गुरुवार को कोटा जिले की खैराबाद पंचायत समिति के उण्डवा गांव में वाटरशेड महोत्सव के राज्य स्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी 159 जल ग्रहण विकास परियोजनाओं में इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर आमजन में जागरूकता पैदा की जाएगी और वाटर शेड का महत्व समझाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार से भूजल स्तर बढ़ेगा, भूमि में नमी से हरियाली बढ़ेगी और जानवरों के लिए चारा उत्पादित होगा। इससे प्रदेश की तस्वीर भी बदलेगी। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि मिशन जल ग्रहण पुनरुत्थान एवं वाटर शेड महोत्सव में बढ़ चढ़कर भाग लें।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने कहा कि विलायती बबूल जूलीफ्लोरा ने प्रदेश में 500 प्रकार की वनस्पतियों को समाप्त कर दिया है, गहरी जड़ें होने के कारण विलायती बबूल प्रतिदिन 30 लीटर पानी सोंखता है और इससे भूजल स्तर काफी तेजी से नीचे जाता है। उन्होंने कहा कि इससे निकलने वाली जहरीली गैसों से बीमारियां फैलती हैं एवं मिट्टी भी अनुपजाऊ हो जाती है। देशी वनस्पतियों को खा रहे इस राक्षस को पूरे प्रदेश से हटाने के लिए विलायती बबूल हटाओ-चारागाह बचाओ अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायतें अपने कोष से पैसा खर्च कर जूलीफ्लोरा को जड़ से उखाड़कर नष्ट करें। उन्होंने कहा कि जहां विलायती बबूल है वहां से उसे समूल नष्ट कर उन जगहों पर चरागाहों का विकास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नदी, तालाब एवं परंपरागत जल स्रोतों के पुनरुद्धार अभियान के तहत रामगंजमंडी क्षेत्र की वर्षों पुरानी पाटली नदी को पुनर्जीवित किया गया है। इस नदी के पानी से 50 हजार बीघा से अधिक जमीन सिंचित होगी। दिलावर ने कहा कि राजस्थान पहला राज्य है जहां देसी वनस्पतियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बीज बैंक बनाए गए हैं। उन्होंने इस अवसर पर मोबाइल बीच बैंक मॉड्यूल का भी शुभारंभ किया। इसके माध्यम से वानस्पतिक बीज बैंकों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हर गांव को स्वच्छ रखने के लिए पंचायतों को प्रतिमाह एक लाख रुपये उपलब्ध कराए हैं। जिन पंचायतों में जनसंख्या अधिक है वहां 5 लाख रुपये तक दिए जा रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि हर गांव में प्रतिदिन झाडू लगे और कचरा गाड़ी घरों से कचरा उठाए यह सुनिश्चित किया जाए।

## प्रवासी राजस्थान दिवस उद्योग, शिक्षा, पर्यटन, स्वास्थ्य, जल पर आयोजित किए जाएँगे सेक्टोरल सेशंस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के वैश्विक जुड़ाव को मज़बूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, राज्य सरकार 10 दिसंबर 2025 को जेईसीसी, जयपुर में आयोजित होने वाले पहले 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' के दौरान प्रवासी राजस्थानियों के साथ सेक्टोरल सेशंस आयोजित करेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में आयोजित इस सेक्टोरल सेशंस में प्रवासी राजस्थानी, उद्योग जगत के प्रङ्कतिनिधि और उद्योग, शिक्षा, पर्यटन, स्वास्थ्य और जल जैसे विभिन्न क्षेत्रों के नीति निर्माता छठ्ठ राउंडटेबल के साथ-साथ शामिल होंगे।

प्रगतिशील नीतियों द्वारा समर्थित, राजस्थान का तेज़ी से बढ़ता औद्योगिक परिदृश्य निवेश और नवाचार के नए अवसर प्रदान करता है। उद्योग को समर्पित एक सत्र में छठ्ठ को राजस्थान की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता और उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर अपने विचार साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

राजस्थान के सबसे मजबूत आर्थिक स्तंभों में से एक पर्यटन, विरासत, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय पर्यटन में नए आयाम खोलने पर केंद्रित होगा, जिसमें शेखावाटी और उसकी प्रतिष्ठित हवेलियों जैसे क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया जाएगा। शिक्षा सेशन में डिजिटल पहुँच, कौशल प्रशिक्षण और उच्च शिक्षा को बढ़ाने के लिए पहलों पर प्रकाश डाला जाएगा और सहयोग की संभावनाओं का पता लगाया जाएगा। इसी प्रकार, स्वास्थ्य सेशन में बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए साझेदारी बनाने हेतु चिकित्सा अवसंरचना, प्रौद्योगिकी और शिक्षा के विशेषज्ञ एक साथ आएंगे। जल पर सेशन में, सतत जल प्रबंधन, पारंपरिक जल संरचना पुनरुद्धार और रामजल सेतु लिंक परियोजना जैसी परियोजनाओं पर चर्चा होगी, जो दीर्घकालिक जल सुरक्षा के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगी।

इन संवादों के अलावा, राज्य भर में उद्योग, परोपकार और सामुदायिक विकास के अवसरों से प्रवासी राजस्थानियों को जोड़ने के लिए एक विशेष छठ्ठ राउंडटेबल का भी आयोजन किया जाएगा। ये सेक्टोरल सेशंस केवल चर्चा के लिए ही नहीं, बल्कि साझेदारी के मंच के रूप में भी तैयार किए गए हैं। वे प्रवासी राजस्थानियों को राज्य सरकार के साथ अपने अनुभव, दृष्टिकोण और सुझाव साझा करने का अवसर प्रदान करेंगे।

## पीएम सूर्य घर योजना: राजस्थान में लगे एक लाख से अधिक 'रूफटॉप' सौर ऊर्जा पैनल

जयपुर। 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के अन्तर्गत राजस्थान में स्थापित रूफ टॉप सोलर पैनल की संख्या बुधवार को एक लाख को पार कर गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार इस योजना में अब तक जयपुर विद्युत वितरण निगम में 33,922, अजमेर विद्युत वितरण निगम में 32,957 तथा जोधपुर विद्युत वितरण निगम में 33,378 रूफ टॉप सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। इस प्रकार राज्य में कुल मिलाकर 1 लाख 257 रूफ टॉप सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं जिनकी क्षमता 408 मेगावॉट है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य में सौर ऊर्जा को निरंतर बढ़ावा मिला है और रूफ टॉप सोलर पैनल लगाने की गति भी तेजी से बढ़ी है। पीएम सूर्यघर योजना में अधिकतम तीन किलोवाट क्षमता का 'रूफ टॉप' सौर पैनल लगाने पर अधिकतम 78 हजार रूपए की रियायत प्रदान करने का प्रावधान है। राज्य में अब तक 86,307 उपभोक्ताओं को रूफ टॉप सोलर पैनल लगाने पर 672 करोड़ रूपए की सब्सिडी बैंक खाते में हस्तांतरित की जा चुकी है। जयपुर डिस्कॉम में 29,585, जोधपुर डिस्कॉम में 28,490 तथा अजमेर डिस्कॉम में 28,232 उपभोक्ताओं को रियायत प्रदान की जा चुकी है।

# महिला क्रिकेटर शेफाली वर्मा ने मनसा माता मंदिर पहुंचकर किए माता के दर्शन

बहरोड़। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी शेफाली वर्मा आज दहमी हमजापुर गांव स्थित कुलदेवी मनसा माता के मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया । क्रिकेटर शेफाली वर्मा ने परिवार सहित मनसा माता मंदिर में 56 भोग लगाया। साथ ही कुलदेवी को चांदी का छत्र, हार, चांदी की पायजेब, सोने की नोज पिन, चुटकी, नए नोटों की माला, लाल रंग की साड़ी, श्रीफल और मुकुट भेंट किया। मनसा माता के मंदिर पहुंचने पर मंदिर प्रशासन ने शेफाली वर्मा को चुनरी ओढ़कर स्वागत किया। शेफाली बोलीं- मैं जो कुछ भी हूं, माता के आशीर्वाद से ही हूं शेफाली ने मीडिया से बातचीत में कहा- यह जीत मेरे देश, मेरे माता-पिता और मनसा माता की कृपा से संभव हुई है। आज मैं जो कुछ भी हूं, माता के आशीर्वाद से हूं। उन्होंने कहा- मैं सेमीफाइनल में जल्दी आउट हो गई, मुझे पता है वो दो दिन और रात कैसे बीती। शेफाली ने कहा- मेरे मन में बहुत विचार आ रहे थे। हालांकि मुझे फाइनल खेलने के बारे में पहले ही बता दिया गया था। उसके बाद बस मैं यही सोच रही थी कि फाइनल में तो अच्छा करना ही है। जब मैंने टीम को जॉइन किया था, तभी सोचा था कि कम से कम एक मैच अपने दम पर जिताना है। प्रधानमंत्री से मुलाकात के सवाल पर शेफाली ने कहा-प्रधानमंत्रीजी से हमारी मुलाकात बहुत अच्छी रही। उन्होंने टीम को 2 घंटे दिए। उन्होंने हमें और आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट किया। प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री से मिलकर बहुत अच्छा लगा। हरियाणा सरकार हमेशा अपने खिलाड़ियों के पीछे खड़ी रहती है। हर सुविधा देती है। खिलाड़ी के तौर पर हम हमेशा टीम के लिए अच्छा करने की सोचते हैं। मैं हमेशा अपने खेल में बेहतर करने की कोशिश करती हूं। ये हमारा पहला वर्ल्ड कप है। हमें आगे बढ़ना है ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद कॉन्फिडेंस आयासाउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में कौनसी टीम सबसे ज्यादा टफ है, इसके जवाब में शेफाली ने कहा- दोनों टीम मजबूत है। दोनों पूरा टूर्नामेंट खेलकर आई है। एक टीम का चयन नहीं किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद हमें कॉन्फिडेंस आया था। लेकिन हमें पता था कि साउथ अफ्रीका भी बहुत अच्छी टीम है। हम किसी टीम को हल्के में नहीं ले रहे थे।



# बांके बिहारी मंदिर की स्थिरता और सुरक्षा का किया जा रहा है आकलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मथुरा/भाषा।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की की एक टीम ऐतिहासिक श्री बांके बिहारी मंदिर की स्थिरता और सुरक्षा का आकलन करने के लिए मंदिर का विस्तृत संरचनात्मक ऑडिट कर रही है। जिला मजिस्ट्रेट चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों ने बुधवार को लेखा-परीक्षा (ऑडिट) शुरू की और बृहस्पतिवार को भी निरीक्षण जारी रखा। उन्होंने कहा, इस अभ्यास का उद्देश्य मंदिर की संरचनात्मक उपयुक्तता का मूल्यांकन करना, सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान करना और प्रतिदिन बड़ी संख्या में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित करना है।

यह संरचनात्मक लेखा-परीक्षा भारत के शीर्ष न्यायालय द्वारा गठित श्री बांके बिहारी जी मंदिर उच्चाधिकार प्राप्त समिति की सिफारिश के अनुरूप है, जिसने 11 सितंबर को अपनी बैठक में आईआईटी रुड़की द्वारा मूल्यांकन का प्रस्ताव रखा था। समिति के सदस्य दिनेश गोस्वामी ने बताया कि आईआईटी टीम लीडर के साथ चर्चा हुई, जिन्होंने 2021 में कोविड-19 के दौरान आईआईटी दिल्ली द्वारा की गई एक रिपोर्ट सहित पिछली सर्वेक्षण रिपोर्टों की समीक्षा के बाद बहुमूल्य सुझाव दिए। उन्होंने आगे कहा कि उन्नत उपकरणों से लैस तकनीशियनों की एक टीम ऑडिट के हिस्से के रूप में एक विस्तृत सर्वेक्षण भी करेगी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में क्षय रोग के मामलों में कमी की सराहना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2015 से भारत में क्षय रोग के मामलों में वैश्विक दर से दोगुनी रफ्तार से आई कमी की बृहस्पतिवार को सराहना की। उन्होंने इसका श्रेय उपचार के विस्तार को दिया।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की वैश्विक तपेदिक रिपोर्ट 2025 के अनुसार, भारत में टीबी के मामले, जो प्रत्येक वर्ष सामने आने वाले नए मामलों को दर्शाता है, में 21 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2015 में यह संख्या प्रति लाख जनसंख्या पर 237 थी, जो वर्ष 2024 में घटकर प्रति लाख जनसंख्या पर 187 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि यह कमी वैश्विक स्तर पर देखी गई 12 प्रतिशत की गिरावट की गति से लगभग दोगुनी है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई उल्लेखनीय गति प्राप्त कर रही है। डब्ल्यूएचओ की नवीनतम वैश्विक तपेदिक रिपोर्ट 2025 में बताया गया है कि भारत में 2015 से टीबी के मामलों में सराहनीय कमी दर्ज की गई है और यह गिरावट की वैश्विक दर से लगभग दोगुनी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में क्षय रोग (टीबी) के मामलों में आई गिरावट दुनिया में कहीं भी देखी गई सबसे तीव्र गिरावटों में से एक है। मोदी ने कहा, उपचार सेवा का विस्तार, बीमारी पता चलने के बाद मरीज के लापता' होने के मामलों में कमी और उपचार की सफलता में निरंतर वृद्धि भी उतनी ही उत्साहजनक है। मैं उन सभी को बधाई देता हूं जिन्होंने इस सफलता को प्राप्त करने के लिए काम किया है। हम एक स्वस्थ और फिट भारत



## गुजरात एटीएस की गिरफ्त में आए दो संदिग्ध उप्र के एक ही मदरसे में पढ़े थे

**मुजफ्फरनगर (उप्र)/भाषा।** देश में आतंकवादी गतिविधियों की व्यापक जाँच के सिलसिले में गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा हाल ही में पकड़े गए दो युवक पहले यहाँ एक ही मदरसे में साथ पढ़ते थे। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए युवक शामली जिले के झिंझाना कस्बे का दर्जी आज़ाद सुलेमान शेख (20) और लखीमपुर खीरी का मोहम्मद सुहैल खान (23) बुढ़ाना कस्बे के एक स्थानीय मदरसे के छात्र रहे थे।

पीटीआई-भाषा से बात करते हुए, ''बुढ़ाना मदरसे के मोहतमिम (शिक्षक) मौलाना दाउद ने पुष्टि की कि दोनों युवकों ने उनके संस्थान में हाफिज-ए-कुरान (कुरान कंठस्थ) की पढ़ाई की थी, लेकिन गिरफ्तारी से बहुत पहले ही वे वहाँ से चले गए थे। मौलाना दाउद ने कहा, ''आज़ाद शेख ने 2018 से 2019 तक यहाँ पढ़ाई की। कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान मदरसा बंद होने पर वह चला गया और फिर कभी वापस नहीं लौटा।'' मौलवी ने आगे कहा, ''सुहैल लगभग तीन महीने पहले हाफ़िज़ की पढ़ाई के लिए आया था, लेकिन पांच नवंबर को अपने पिता की बीमारी का हवाला देकर चला गया। उसके बाद से वह वापस नहीं आया।'' मदरसा प्रमुख ने स्पष्ट किया कि ''संस्था केवल धार्मिक शिक्षा प्रदान करती है और इसका किसी भी अवैध या गैरकानूनी गतिविधि से कोई संबंध नहीं है।'' उन्होंने कहा कि उन्हें दोनों पूर्व छात्रों की गिरफ़्तारी के बारे में मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से ही पता चला। इस बीच, आज़ाद के पिता, सुलेमान, जो झिंझाना में एक निर्माण मज़दूर हैं, ने पीटीआई-भाषा से कहा कि उनका बेटा निर्दोष' है और परिवार को इस बात की जानकारी नहीं थी कि वह गुजरात कैसे पहुँचा। सुलेमान ने कहा, मेरा बेटा 40 दिनों की तब्लीगी जमात यात्रा पर पश्चिम बंगाल गया था। बाद में, उसने हमें बताया कि वह अपने मदरसे वापस जा रहा है, लेकिन वह वहाँ कभी नहीं पहुँचा। हमें उसकी गिरफ्तारी के बारे में खबरों से पता चला।

# मेनका गांधी ने आवारा पशुओं पर उच्चतम न्यायालय के आदेश को 'अव्यावहारिक' बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** पशु अधिकार कार्यकर्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने बृहस्पतिवार को आवारा पशुओं को हटाने और उन्हें आश्रय गृहों में रखने के उच्चतम न्यायालय के हालिया निर्देश को ''अव्यावहारिक'' बताया और कहा कि पशुओं के प्रति भारत का दृष्टिकोण करुणा पर आधारित होना चाहिए।

उच्चतम न्यायालय ने पिछले सप्ताह शैक्षणिक केंद्रों, अस्पतालों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटने की घटनाओं में ''खतरनाक वृद्धि'' पर गौर किया और अधिकारियों को ऐसे कुत्तों को निर्दिष्ट आश्रय स्थलों में भेजने का निर्देश दिया। शीर्ष न्यायालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) सहित संबंधित अधिकारियों को राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से आवारा पशुओं व मवेशियों को हटाने के निर्देश दिए हैं।

यहां एक कार्यक्रम में सवालों के जवाब में मेनका गांधी ने कहा, ''उच्चतम न्यायालय ने कहा है कुत्ते हटाओ, बिल्ली हटाओ, बंदर हटाओ, उन्हें आश्रय स्थल में रखो, उनकी नसबंदी करो, लेकिन वास्तव में कोई ऐसा नहीं कर सकता... यह अव्यावहारिक है।'' उन्होंने नगर निकायों के बीच समन्वय की कमी पर भी सवाल उठाया और कहा कि पशुओं के प्रति भारत के दृष्टिकोण का मार्गदर्शन करुणा से होना चाहिए, न कि नियंत्रण से। पूर्व सांसद ने 'सिनेकाइंड' की शुरुआत के अवसर पर यह बात कही। यह पहल फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया' (एफएफआई) द्वारा मेनका के संगठन 'पीपुल फॉर एनिमल्स' (पीएफए) के सहयोग से शुरू की गई है, जिसका मकसद सिनेमा में दयालुता और मानवीय कहानी दर्शाने वालों को सम्मानित करना है।

इन पुरस्कारों का उद्देश्य फिल्म निर्माताओं को पशुओं और प्रकृति के प्रति सहानुभूति को कमजोरी के बजाय ताकत के रूप में चित्रित करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## स्कूल में रैगिंग के मामले में शिक्षक निलंबित

**मोरीगांव/भाषा।** असम के मोरीगांव जिले में एक शैक्षणिक संस्थान में रैगिंग की घटना में कथित रूप से शामिल होने के कारण एक शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है और नौ छात्रों को अलग-अलग स्कूलों में स्थानांतरित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त जिला आयुक्त (शिक्षा) अनुसूया शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन ने जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) के अधिकारियों के साथ मिलकर बृहस्पतिवार को शिक्षक विश्वजीत चौधरी को स्कूल के हाउस मास्टर के रूप में कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया। स्कूल के उप प्रधानाचार्य ध्रुबज्योति शर्मा का तबादला नगालैंड के मोकोकचुंग में कर दिया गया है।

रैगिंग की घटना में कथित रूप से शामिल नौ वरिष्ठ छात्रों को असम के अन्य जेएनवी स्कूलों में स्थानांतरित कर दिया गया है। वरिष्ठ छात्रों के एक समूह ने पांच नवंबर को एक कनिष्ठ छात्र के साथ कथित तौर पर शारीरिक रूप से मारपीट की थी, जिसके बाद जिला प्रशासन ने घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की थी। समिति में जिला प्रशासन, पुलिस और जेएनवी अधिकारियों के प्रतिनिधि शामिल थे।

वरिष्ठ छात्रों के अभिभावकों से यह वचन देने को कहा गया है कि उनके बच्चे भविष्य में ऐसी किसी घटना में शामिल नहीं होंगे। अधिकारी ने बताया कि सभी शिक्षकों को हाउस मास्टर के रूप में अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की चेतावनी भी दी गई है।



# भाजपा नेता बी एल संतोष, संबित पात्रा ने मणिपुर में राहत शिविर का दौरा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंफाल/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी एल संतोष और संबित पात्रा ने बृहस्पतिवार को मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में एक राहत शिविर का दौरा किया तथा आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों को राहत सामग्री वितरित की। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संतोष और पूर्वोत्तर मामलों के समन्वयक पात्रा की अगवानी जिला इकाई प्रमुख थंगम हाओकिप ने की। भाजपा के एक पदाधिकारी ने बताया कि दोनों नेता सद्भावना मंडप राहत शिविर गए, आंतरिक रूप से विस्थापितों को राहत सामग्री वितरित की और बच्चों से बातचीत की।

पात्रा ने बताया, ''हम पार्टी विधायकों से मिलेंगे।'' मणिपुर में मेइती और कुकी-ज़ो समूहों के बीच मई 2023 से जातीय संघर्ष में 260 से ज़्यादा लोगों ने जान गंवाई है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

## ईडी ने कर चोरी के आरोप में दिल्ली में कारोबारी, उसके कर्मचारियों के परिसरों की तलाशी ली

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 190 करोड़ रुपये का सीमा शुल्क कथित तौर पर नहीं चुकाने को लेकर दिल्ली में एक व्यवसायी और उसके कर्मचारियों के परिसरों पर छापेमारी की है। व्यवसायी और उसके कर्मचारियों पर फर्जी निर्यात दस्तावेज बनाकर माल को नेपाल और बांग्लादेश निर्यात किये जाने का गलत दावा करने का आरोप है, जबकि असल में ये वस्तुएं देश के अंदर ही बेची जा रही थीं। ईडी अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई द्वारा मैसर्स टाइटन सी एंड एयर सर्विसेज प्राइवेट लि. और अन्य के मामले में दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर यह तलाशी ली गई।

अधिकारियों ने बताया कि 190 करोड़ रुपये का सीमा शुल्क भुगतान नहीं करने के प्रमुख आरोपियों में से एक विकास गर्ग और उसके कर्मचारियों के आवासीय और व्यावसायिक परिसरों की बुधवार को तलाशी ली गई। ईडी अधिकारियों ने दावा किया कि 'इनवॉयस' और माल ढुलाई बिल सहित फर्जी निर्यात दस्तावेज तैयार किये गए थे, ताकि माल को नेपाल और बांग्लादेश को निर्यात किये जाने के रूप में दिखाया जा सके, जबकि वास्तव में उन्हें घरेलू स्तर पर बेचा गया और इस तरह सीमा शुल्क की चोरी की गई।

## दिल्ली विस्फोट के मामले पर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि लाल किले के नजदीक हुए विस्फोट की घटना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में अविलंब सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए तथा एक दिसंबर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र को और पहले शुरू किया जाए ताकि इस विषय पर पूरी चर्चा हो सके। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह सवाल भी किया कि सरकार को उस न्यू नॉर्मल सिद्धांत को लेकर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए कि किसी भी आतंकी हमले को युद्ध की कार्रवाई मानी जाएगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हैरानी की बात यह है कि विस्फोट के 48 घंटे के बाद कैबिनेट ने यह घोषणा की कि यह आतंकी घटना है। कई गंभीर सवाल उठते हैं, क्योंकि यह घटना दिल्ली में हुई।

खेड़ा ने सवाल किया, फरीदाबाद में 2900 किलो विस्फोटक सामग्री कैसे पहुंची? यह विस्फोट कैसे हुआ? कौन जिम्मेदारी लेगा? उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में बिना देरी सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। खेड़ा ने कहा, हमारी यह भी मांग है कि संसद का शीतकालीन सत्र थोड़ा पहले शुरू किया जाए। उनका कहना था, ऑपरेशन सिंदूर के बाद कहा था न्यू नॉर्मल सिद्धांत है कि आतंकी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए।

# गिरिराज ने चिदंबरम पर आतंकवादियों के पक्ष में बोलने का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नईदिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम के देश के भीतर ''पनपे आतंकवादियों'' संबंधी बयान को लेकर आतंकियों के पक्ष में बोलने का उन पर आरोप लगाया। पूर्व केंद्रीय मंत्री चिदंबरम ने देश के भीतर ''पनपे आतंकवादियों'' का जिक्र करते हुए कहा था कि सरकार की चुप्पी इसलिए है क्योंकि उसे उनके बारे में पता है।

चिदंबरम ने 'एक्स' पर किये पोस्ट में दिल्ली विस्फोट का जिक्र नहीं किया, लेकिन यह सवाल किया कि क्यों और किन परिस्थितियों में भारतीय नागरिक आतंकवादी बन रहे हैं। इस पर, तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए गिरिराज सिंह ने चिदंबरम की टिप्पणियों का मजाक उड़ाया और उन पर आतंकवादियों के समर्थन में बोलने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, वह (चिदंबरम) आतंकवादियों का समर्थन कर रहे हैं। 'छी, छी'।'' उन्होंने कहा, ''आपने सारी हदें पार कर दी हैं। आपने (तत्कालीन प्रधानमंत्री) मनमोहन सिंह का धर्म भी छीन लिया। (आप) आतंकवादी यासीन मलिक को उनके साथ बिठाने के लिए लाए।'' वरिष्ठ भाजपा नेता ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि देश इस सबसे पुरानी पार्टी की तुष्टिकरण की राजनीति के कारण आतंकवाद की समस्या का सामना कर रहा है। सिंह ने कहा, आपको (चिदंबरम) याद रखना चाहिए कि (जवाहरलाल) नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक, यह आपका ही योगदान है। यह तुष्टिकरण का नतीजा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता नलिन कोहली ने भी कांग्रेस पर निशाना साधा।

## नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का परिचालन जल्द शुरू होगा : टाटा प्रोजेक्ट्स

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के जेवर में स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का परिचालन जल्द ही शुरू हो जाएगा। टाटा समूह की बुनियादी ढांचा एवं निर्माण कंपनी टाटा प्रोजेक्ट्स ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनआईए) के निर्माण का ठेका दिया गया था। टाटा प्रोजेक्ट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक विनायक पई ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड इस समय नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के साथ मिलकर हवाई अड्डे की सुरक्षा से जुड़ी मंजूरियां लेने की प्रक्रिया में है, जिसे 'एयरोड्रम लाइसेंस' कहा जाता है। अब ज्यादातर काम निर्माण से ज्यादा सरकारी और नियामकीय मंजूरियां पूरी करने का है।

उन्होंने कहा, ''कुल मिलाकर हमारा काम पूरा है। अब प्रधानमंत्री के आने और उद्घाटन के लिए हम तैयार हैं।'' एक प्रश्न के उत्तर में पई ने कहा कि हवाई अड्डे पर थोड़े ही समय में परिचालन शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कंपनी निश्चित रूप से अपने पोर्टफोलियो में नई परियोजनाएं जोड़ रही है, इसलिए उसका लक्ष्य ऑर्डर बुक को 40,000 करोड़ रुपये से 43,000 करोड़ रुपये के बीच बनाए रखना है।

## एअर इंडिया विमान दुर्घटना के लिए पायलट को दोषी नहीं माना जा रहा : केंद्र

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्र ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि 12 जून को हुए विमान हादसे के संबंध में एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट में एअर इंडिया के पायलट को दोषी नहीं ठहराया गया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ को बताया कि विमान दुर्घटना की जांच के लिए विमान दुर्घटना जांच बोर्ड (एएआईबी) की जांच टीम का गठन अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के तहत किया गया था और इसके लिए वैधानिक प्रावधान है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा, ''एएआईबी जाँच किसी पर दोष मढ़ने के लिए नहीं है। यह केवल कारण स्पष्ट करने के लिए है ताकि ऐसा दोबारा न हो।'' मामले में एक गैर सरकारी संगठन की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि इतने बड़े पैमाने की दुर्घटना की 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' की तरह समानांतर जांच की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि पायलट फेडरेशन ने कहा है कि इन विमानों पर भरोसा नहीं किया जा सकता और इनमें उड़ान भरने वाले लोगों के लिए बहुत बड़ा खतरा है। न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि यह कार्यवाही एक एअरलाइन बनाम दूसरी एअरलाइन के बीच लड़ाई नहीं बननी चाहिए।



# सोने में 3,000 रुपये रुपये का उछाल, चांदी 7,700 रुपये चढ़ी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** मजबूत वैश्विक संकेतों और कमजोर डॉलर के चलते बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 3,000 रुपये बढ़कर 1,30,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी सरकार के शटडाउन' की समाप्ति ने भी सुरक्षित-निवेश का विकल्प मानी जाने वाली परिसंपत्ति की अपील को समर्थन दिया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में लगातार तीसरे दिन बढ़त जारी रही, जो बुधवार के 1,27,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 3,000 रुपये बढ़कर 1,30,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में 1,27,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमतें बृहस्पतिवार को 7,700 रुपये बढ़कर 1,69,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। बुधवार को यह 5,540 रुपये बढ़कर 1,61,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थीं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स, डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा 43 दिन के रिकॉर्ड शटडाउन' को समाप्त करने के लिए विधेयक पारित करने के बाद, 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.30 पर कारोबार कर रहा था, जिससे सर्राफा कीमतों को समर्थन मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 41.19 डॉलर या 0.98 प्रतिशत बढ़कर 4,236.84 डॉलर प्रति औंस हो गया।

# ईडी ने धन शोधन मामले में जेपी इंफ्राटेक के एमडी मनोज गौड़ को गिरफ्तार किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को रियल्टी कंपनी जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड' के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) मनोज गौड़ को घर खरीदारों के साथ 14,599 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच में गिरफ्तार किया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कारोबारी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि घर खरीदारों से एकत्रित धनराशि को विभिन्न ट्रस्ट में स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे परियोजनाएं अधूरी रह गईं और निवेशकों के साथ धोखाधड़ी हुई। ईडी ने पाया कि गौड़ जेपी सेवा संस्थान (जेएसएस) के प्रबंध ट्रस्टी हैं, जिसे स्थानांतरित निधि का कुछ हिस्सा प्राप्त हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि उनके खिलाफ जांच घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी के मामले से संबंधित है। एजेंसी ने एक बयान में कहा, ''ईडी ने जेपी विशटाउन और जेपी ग्रीन्स परियोजनाओं के घर खरीदारों द्वारा दायर शिकायतों के आधार पर दिल्ली और उत्तर प्रदेश पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज कई प्राथमिकियों के आधार पर जेपी समूह के खिलाफ जांच शुरू की, जिसमें कंपनी और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात का आरोप लगाया गया था।'' इसमें आरोप लगाया गया है कि आवासीय परियोजनाओं के निर्माण और उन्हें पूरा करने के लिए हजारों घर खरीदारों से एकत्रित धनराशि को निर्माण के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी हुई और उनकी परियोजनाएं अधूरी रह गईं।

ईडी ने 23 मई को दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और मुंबई में 15 स्थानों पर तलाशी ली थी, जिनमें जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड और जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के कार्यालय और परिसर शामिल थे। बयान में कहा गया है, ''तलाशी के दौरान ईडी ने बड़ी मात्रा में वित्तीय और डिजिटल रिकॉर्ड जब्त किए। साथ ही धन शोधन और धन के हेरफेर के अपराध को प्रमाणित करने वाले दस्तावेज भी जब्त किए गए।''

## सुविचार

**समस्त संसार माया के रूप में है। इस माया के प्रभाव के कारण ही मनुष्य जन्म-मरण के चक्र में फंसा रहता है। अतः मनुष्य को ईश्वर का चिंतन करने से माया समझ में आती है, तभी वह अपने लिए मोक्ष का मार्ग बनाने में सफल होता है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# क्या आतंकवाद से ऐसे लड़ेंगे?

दिल्ली में लाल किले के पास हुई आतंकवादी घटना के बाद महाराष्ट्र के एक विधायक का यह बयान कि 'जुल्म और नाइन्साफी की कोख से आतंकवाद पैदा होता है', राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दे से लोगों का ध्यान हटाने और वोटबैंक मजबूत करने की ओछी हरकत है। इस मामले में अब तक जो लोग पकड़े गए हैं, जिनमें कई डॉक्टर हैं, के साथ कौनसा जुल्म हुआ था? इन्होंने भारत के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों से पढ़ाई की थी। इनके परिवार भी साधन-संपन्न हैं। ये समाज में सम्मानित व्यक्ति समझे जाते रहे हैं। इसके बावजूद इन्होंने इतना बड़ा कांड कर दिया! इसके लिए आप किसे जिम्मेदार ठहराएंगे? देश ने अपने संसाधनों के अनुसार इनके लिए बेहतरीन मेडिकल कॉलेज, शिक्षक उपलब्ध कराए थे। सीखने के लिए अच्छा माहौल दिया था। डिग्री मिलने पर नौकरी दी थी। क्या यह जुल्म है? ऐसे तत्त्वों की हरकतों को 'नादानी' साबित करने के लिए हल्के बयान देना क्या दर्शाता है? कुछ लोग एक अलग ही दुनिया में रहते हैं। वे किसी के गंभीर अपराध को भी समस्त देशवासियों की गलती बता सकते हैं। उन्हें 'बैलेंस' बनाकर चलने में महारत हासिल होती है। देश में जब कोई आतंकवादी घटना होती है, वे उसकी निंदा करने के बाद 'अगर-मगर' जरूर जोड़ देते हैं, ताकि एक खास वर्ग को खुश रख सकें। वे सीधी और स्पष्ट बात कहने से कतराते हैं। क्या ऐसी बयानबाजी अपराधियों, अलगाववादियों और आतंकवादियों के लिए बौद्धिक ढाल का काम नहीं करती? बेशक दुनिया में जुल्म और ज्यादती की घटनाएं हो रही हैं। इन्हें रोकने और पीड़ितों को इन्साफ दिलाने की कोशिशें भी जारी हैं।

> **जहां तक आतंकवाद को नकेल डालने का सवाल है तो सिर्फ विकास कार्यों के बूते ऐसा होना संभव नहीं है। आतंकवाद से लड़ने के लिए बहुत बड़े स्तर पर रणनीति बनानी होगी। उन सभी तत्त्वों पर प्रहार करना होगा, जो आतंकवाद को खाद-पानी देते हैं।**

इनमें सुधार की बहुत गुंजाइश है। इससे इन्कार नहीं किया जा सकता। सवाल है- कार में धमाका कर दर्जनभर लोगों की जान लेना कहां का इन्साफ है? जो व्यक्ति ऐसा करता है, वह इन्सानियत का दुश्मन है। यह अपराध तब और ज्यादा गंभीर हो जाता है, जब आरोपी डॉक्टर होता है। इस मामले के बाद भारत सरकार को एक और बात समझनी होगी। जम्मू-कश्मीर सहित भारत में आतंकवाद की घटनाओं को गरीबी और अशिक्षा से जोड़कर देखा जाता है। यह धारणा कई बार गलत साबित हो चुकी है। दिल्ली में धमाके के बाद तो हर कोई सोशल मीडिया पर असलियत देख रहा है। आतंकवाद का संबंध घृणा और कट्टरपंथ से है। अगर कोई सरकार यह सोचती है कि वह अच्छी सड़कें, बेहतरीन कॉलेज, अस्पताल बनाकर आतंकवाद को खत्म कर देगी तो उसे पुनर्विचार करना चाहिए। हां, सड़क, कॉलेज, अस्पताल की जरूरत है। इनका निर्माण होना चाहिए। जहां तक आतंकवाद को नकेल डालने का सवाल है तो सिर्फ विकास कार्यों के बूते ऐसा होना संभव नहीं है। आतंकवाद से लड़ने के लिए बहुत बड़े स्तर पर रणनीति बनानी होगी। उन सभी तत्त्वों पर प्रहार करना होगा, जो आतंकवाद को खाद-पानी देते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी आलोचना होगी, लेकिन हमें दृढ़ रहना होगा। आतंकवाद का विनाश इजराइल कर रहा है। चीन, जो भारत से द्वेष रखता है और पाकिस्तान को समर्थन देता है, खुद आतंकवाद से पीड़ित रहा है। वह अपनी जमीन पर कट्टरपंथ को पनपने नहीं देता। उसके अधिकारी अत्याधुनिक तकनीक के जरिए ऐसे तत्त्वों पर कड़ी नजर रखते हैं। वहीं, भारत में घुसपैठियों को निकालने के लिए सरकार कोई कदम उठाती है तो कुछ 'बुद्धिजीवी' अदालत का दरवाजा खटखटा देते हैं। क्या हम आतंकवाद से ऐसे लड़ेंगे?

## ट्वीटर टॉक



भगवान बिरसा मुंडा, जिन्होंने आदिवासी समाज की आवाज बनकर अंग्रेजी हुकूमत को ललकारा, आज भी जनजातीय अस्मिता के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री ने जब उनकी जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया ।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



मैं सभी प्रदेशवासियों और समस्त मातृशक्ति से आग्रह करती हूं कि आइए, हमारी गौरवशाली संस्कृति के प्रतीक घूमर नृत्य को विश्वस्तरीय पहचान दिलाने और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने के उद्देश्य से राज्य के सातों संभागों में आयोजित किए जा रहे घूमर महोत्सव का हिस्सा बनें।

**-दिया कुमारी**



मुख्यमंत्री दिल्ली दौरों में व्यस्त हैं एवं कृषि मंत्री बिना किसी परिणाम वाली छापेमारी कर सुर्खियां बना रहे हैं जबकि उन्हें बताना चाहिए कि छापेमारी के बाद कितने लोगों पर ऋखठ हुई और कितने लाइसेंस निरस्त हुए। इस गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार से किसान खून के आंसू रोने को मजबूर है।

**-अशोक गहलोत**

## प्रेरक प्रसंग

# सिकंदर को सबक

एक बार सिकंदर ने एक नगर को चारों ओर से घेर लिया था। जब उसे भूख लगी, तो उसने एक मकान का द्वार खटखटाया। द्वार एक बुढ़िया ने खोला। सैनिक वेश में खड़े व्यक्ति को देखकर बुढ़िया समझ गई कि यह सिकंदर ही है। सिकंदर ने कहा, 'मां, मुझे भूख लगी है। कुछ खाने को मिलेगा?' 'अवश्य मिलेगा, बेटा,' कहकर बुढ़िया घर के अंदर चली गई और कपड़े से ढकी एक थाली लेकर लौटी। सिकंदर ने थाली से कपड़ा हटाया तो उसमें भोजन की जगह सोने-चांदी के जेवरात थे। सिकंदर बोला, 'मां, मैंने खाना मांगा था, सोना-चांदी नहीं। क्या ये मेरी भूख मिटा सकते हैं?' यह सुनकर बुढ़िया ने निर्भीकता से कहा, 'बेटा, अगर तुम्हारी भूख रोटियों से मिटती, तो तुम अपना घर-परिवार और देश छोड़कर यहां संपत्ति लूटने क्यों आते? तुम मेरे जीवनभर की कमाई ले जाओ, पर मेरे नगर पर चढ़ाई मत करो।' बुढ़िया के शब्दों ने सिकंदर को झकझोर दिया। वह उनके चरणों में झुक गया। फिर बुढ़िया ने प्रेम से सिकंदर को भोजन कराया। सिकंदर उस नगर को जीते बिना ही वापस लौट गया।

## सामयिक

### फरीदाबाद से लाल किला तक

# दिल्ली ब्लास्ट ने खोली साजिश की परतें

महेन्द्र तिवारी
मोबाइल: 9989703240

दस नवंबर 2025 की शाम लाल किले के पास सफेद रंग की एक हुंडई आई-20 में हुए धमाके ने कुछ ही पलों में देश की राजधानी को दहशत में डाल दिया। कुछ ही मिनटों में पूरा इलाका पुलिस, एम्बुलेंस और दमकल की गाड़ियों से भर गया। धुएँ के बादल, लोगों की चीखें, और भागते हुए कदमों की आवाज़ें-यह किसी हादसे का नहीं, बल्कि योजनाबद्ध आतंकी हमले का दृश्य था। शुरुआती जांच में यह सामने आया कि धमाके में अमोनियम नाइट्रेट और पेंटाएरिथ्रॉल टेट्रानाइट्रेट (पीईटीएन) जैसे उच्च श्रेणी के विस्फोटक इस्तेमाल किए गए थे। यह कोई साधारण हमला नहीं था; यह एक संदेश था-कि आतंक अब अपना चेहरा बदल चुका है।

जांच ने जैसे-जैसे रफ्तार पकड़ी, एक ऐसा सच सामने आया जिसने पूरे देश को झकझोर दिया। धमाके में शामिल कार एक डॉक्टर के नाम पर दर्ज थी-एक ऐसा व्यक्ति जो जीवन बचाने की शपथ ले चुका था, लेकिन मौत का सौदागर बन बैठा। फरीदाबाद के एक मेडिकल कॉलेज से जुड़े डॉक्टर मोहम्मद उमर नबी का नाम जैसे ही सामने आया, समाज में सन्नाटा छा गया। डीएनए रिपोर्ट ने पुष्टि की कि मलबे में मिली लाश उसी की थी। लेकिन असली झटका तब लगा जब यह खुलासा हुआ कि यह कोई अकेला भटका हुआ युवक नहीं था, बल्कि एक संगठित व्हाइट कॉलर टेरर नेटवर्क का हिस्सा था-जहाँ आतंकी अब बंदूक नहीं, बल्कि डिग्री और ज्ञान की आड़ में काम कर रहे थे।धौज गांव में हुई छापेमारी में हजारों किलो



PTI

विस्फोटक, डिटोनेटर और विदेशी नेटवर्क से जुड़े दस्तावेज़ मिले। जांच में यह भी पता चला कि उमर ने कुछ महीने पहले तुर्की की यात्रा की थी, जहाँ उसकी मुलाकात जैश-ए-मोहम्मद के एक हैंडलर से हुई। वहीं से भारत के प्रमुख राष्ट्रीय प्रतीकों पर हमले की योजना बनी। सूत्रों के मुताबिक, इस हमले को 26 जनवरी या किसी बड़े त्योहार के मौके पर अंजाम देने की योजना थी, ताकि देश की आत्मा को झकझोरा जा सके। लेकिन सहयोगियों की गिरफ्तारी के डर से उन्होंने यह कदम जल्दबाजी में उठाया। शायद इसी वजह से उनका नेटवर्क पूरी तरह सक्रिय नहीं हो पाया, और देश एक बहुत बड़ी तबाही से बच गया।

इस पूरे मामले ने एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है-जब आतंक की जड़ें अब शिक्षा संस्थानों और अस्पतालों में पहुँचने लगें, तो समाज कहाँ सुरक्षित बचेगा? डॉक्टर, जो जीवन बचाने का प्रतीक होता है, जब वही विनाश का कारण बन जाए, तो यह सिर्फ कानून-व्यवस्था की नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना की हार होती है। फरीदाबाद के अल-फलाह यूनिवर्सिटी का नाम भी इस जांच में आने के बाद बहस का विषय बना रहा। विश्वविद्यालय ने भले ही कहा कि इन व्यक्तियों का संस्थान की नीति से कोई संबंध नहीं, लेकिन लोगों के मन में यह प्रश्न गूंजता रहा कि आखिर शिक्षा और कट्टरता का यह संगम कैसे संभव हुआ?

डॉ. शाहीन शाहिद और डॉ. पारवेज़ अंसारी की गिरफ्तारी ने इस नेटवर्क का एक और चेहरा उजागर किया-जमात-उल-मोमिनात नामक संगठन, जो महिलाओं में वैचारिक उग्रता फैलाने का कार्य कर रहा था। अब आतंकवाद का नया चेहरा खुलकर सामने आ चुका है। यह अब बम और गोलियों से नहीं, बल्कि विचारों और विश्वासों से लड़ाई लड़ रहा है। यह आतंक का इंटेलेक्चुअल वर्ज़न है-जहाँ लोग किताबों, प्रवचनों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों के ज़रिए ज़हर बो रहे हैं। सबसे खतरनाक बात यह है कि यह संक्रमण चुपचाप फैलता है, बिना किसी शोर-शराबे के, और जब तक समाज इसे पहचानता है, तब तक इसकी जड़ें गहराई तक जा चुकी होती हैं।

यह घटना सिर्फ दिल्ली पर हमला नहीं थी; यह हमारी चेतना पर वार था। जब शिक्षा अंधकार फैलाने का जरिया बन जाए, जब डॉक्टर मौत बाँटने लगें, जब विश्वविद्यालय विचारों के बजाय नफरत के बीज बोने लगें, तो यह किसी देश की सबसे बड़ी विफलता होती है। यह केवल सुरक्षा एजेंसियों का मामला नहीं रह जाता-यह समाज के हर नागरिक, हर शिक्षक, हर माता-पिता की जिम्मेदारी बन जाती है। सवाल यह नहीं कि बम किसने बनाया, बल्कि यह है कि वह विचार किसने बोया जिसने एक शिक्षित व्यक्ति को आतंकी बना दिया। आतंक को खत्म करने के लिए सिर्फ हथियारों को नष्ट करना पर्याप्त नहीं। असली लड़ाई उस विचारधारा से है जो इंसान को इंसान का दुश्मन बनाती है। जब तक हम उस सोच को नहीं मिटाएँगे जो धर्म, जाति या विचारधारा के नाम पर नफरत फैलाती है, तब तक कोई पुलिस, कोई एजेंसी, कोई तकनीक हमें स्थायी सुरक्षा नहीं दे सकती।

लाल किले के पास हुआ यह धमाका हमें यह सिखाता है कि सच्ची सुरक्षा दीवारों या तारों से नहीं, बल्कि सोच की पवित्रता से आती है। हमें अपने बच्चों को केवल डॉक्टर, इंजीनियर या वैज्ञानिक नहीं बनाना है, बल्कि इंसान बनाना है-जो सोच सके, सवाल पूछ सके, और नफरत के खिलाफ खड़ा हो सके। क्योंकि आने वाले समय की सबसे बड़ी जंग बंदूकों से नहीं, विचारों से लड़ी जाएगी और जीत उसी की होगी जो इंसानियत को ज़िंदा रखेगा।

## चिंतन

# बाल दिवस पर लाएं बच्चों के चेहरे पर मुस्कान

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 8949519406

बाल दिवस हर साल 14 नवम्बर को मनाया जाता है। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर बाल दिवस के दौरान विविध कार्यक्रमों के जरिये बच्चों के अधिकार और विकास पर चर्चा की जाती है। पं. जवाहर लाल नेहरू को 'चाचा नेहरू' कहा जाता था और उन्हें बच्चों से बहुत प्यार था। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बाल दिवस' स्कूलों तथा अन्य संस्थाओं में धूमधाम से मनाया जाता है। बच्चे जवाहर लाल नेहरू को चाचा इसलिए कहते थे क्योंकि बच्चों को चाचा जितना प्यारा कोई नहीं होता। कहा जाता है कि पंडित नेहरू बच्चों से बेहद प्यार करते थे इसलिए बाल दिवस मनाने के लिए उनका जन्मदिन चुना गया। असल में बाल दिवस की नींव 1925 में रखी गई थी, जब बच्चों के कल्याण पर विश्व कांफ्रेंस में बाल दिवस मनाने की सर्वप्रथम घोषणा हुई। वर्ष 1954 में दुनिया भर में इसे मान्यता मिली। संयुक्त राष्ट्र ने यह दिन 20 नवंबर के लिए तय किया लेकिन अलग अलग देशों में यह अलग दिन मनाया जाता है। कुछ देश 20 नवंबर को भी बाल दिवस मनाते हैं। वर्ष 1950 से बाल संरक्षण दिवस यानि 1 जून भी कई देशों में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन इस बात की याद दिलाता है कि हर बच्चा खास है और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उनकी मूल जरूरतों और पढ़ाई लिखाई की जरूरतों का पूरा होना बेहद जरूरी है. यह दिन बच्चों को उचित जीवन दिए जाने की भी याद दिलाता है।,

चाचा नेहरू भारत के पहले प्रधानमंत्री थे और तीन मूर्ति भवन प्रधानमंत्री का सरकारी निवास था। एक दिन तीन मूर्ति भवन के बगीचे में लगे पेड़-पौधों के बीच से गुजरते हुए घुमावदार रास्ते पर नेहरू जी टहल रहे थे। उनका ध्यान पौधों पर था। वे पौधों पर छाई बहार देखकर खुशी से निहाल हो ही रहे थे तभी उन्हें एक छोटे बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। नेहरू जी ने आसपास देखा तो उन्हें पेड़ों के बीच एक-दो माह का बच्चा दिखाई दिया जो दहाड़ मारकर रो रहा था। नेहरूजी ने मन ही मन सोचा- इसकी माँ कहाँ होगी? उन्होंने इधर-उधर देखा। वह कहीं भी नजर नहीं आ रही थी। चाचा ने सोचा शायद वह बगीचे में ही कहीं माली के साथ काम कर रही होगी। नेहरूजी यह सोच ही रहे थे कि बच्चे ने रोना तेज कर दिया। इस पर उन्होंने उस बच्चे की माँ की भूमिका निभाने का मन बना लिया।

आज भी चाचा नेहरू के इस देश में लगभग 5



करोड़ बच्चे बाल श्रमिक हैं। जो चाय की दुकानों पर नौकरों के रूप में, फैक्ट्रियों में मजदूरों के रूप में या फिर सड़कों पर भटकते भिखारी के रूप में नजर आ ही जाते हैं। इनमें से कुछेक ही बच्चे ऐसे हैं, जिनका उदाहरण देकर हमारी सरकार सीना ठोककर देश की प्रगति के दावे को सच होता बताती है। यही नहीं आज देश के लगभग 53.22 प्रतिशत बच्चे शोषण का शिकार है। इनमें से अधिकांश बच्चे अपने रिश्तेदारों या मित्रों के यौन शोषण का शिकार है। अपने अधिकारों के प्रति अनभिज्ञता व अज्ञानता के कारण ये बच्चे शोषण का शिकार होकर जाने-अनजाने कई अपराधों में लिप्त होकर अपने भविष्य को अंधकारमय कर रहे हैं।, बचपन आज भी भोला और भावुक ही होता है लेकिन हम उन पर ऐसे-ऐसे तनाव और दबाव का बोझ डाल रहे हैं कि वे कुम्हला रहे हैं। उनकी खनकती-खिलखिलाती किलकारियाँ बरकरार रहें इसके ईमानदार प्रयास हमें ही तो करने हैं। देश के ये गुलाबी नवांकुर कोमल बचपन की यादें सहेजें, इसके लिए जरूरी है कि हम उन्हें कठोर और क्रूर नहीं बल्कि मयूरपंख सा लहलहाता बचपन दें।, चाचा नेहरू को दो बातें बहुत पसंद थी पहली वे अपनी शेरवानी की जेब में रोज गुलाब का फूल रखते थे और दूसरी वे बच्चों के प्रति बहुत ही मानवीय और प्रेमपूर्ण थे। यह दोनों ही बातें उनमें कोमल हृदय है इस बात की सूचना देते हैं। बच्चों को वैसे ही लोग प्रिय है, जो गुलाब या कमल के समान हो।,

हर वर्ष बचपन की यादों को ताजा करने के लिए बाल दिवस का आयोजन किया जाता है। यह दिन हमें सिखाता है कि एक निर्दोष और जिज्ञासु बच्चे की तरह हमें सदैव खुश रहना चाहिए और हमेशा सीखने की कोशिश करते हुए मुस्कुराते रहना चाहिए। यह बच्चों के लिए उल्लास में डूब जाने का दिन है। स्कूलों में भी यह दिन बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। संपूर्ण भारत में इस दिन स्कूलों में प्रश्नोतरी, फैंसी परिधान प्रतियोगिता और बच्चों की कला प्रदर्शनियों जैसे कई विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## नजरिया

# वंदे मातरम् की गौरव गाथा

प्रमोद भार्गव
मोबाइल : 09425488224

वंदे मातरम को भारत की शाश्वत संकल्पना बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर वर्ष भर चलने वाले स्मरणोत्सव का शुभारंभ विशेष डाक टिकट और सिक्के के विमोचन के साथ किया। प्रधानमंत्री ने वंदे मातरम की गौरव गाथा को विभिन्न उपमाओं-अलंककरणों से स्पंदन देते हुए इससे जुड़े इतिहास के एक काले पन्ने को खोलने के साथ कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण की विभाजनकारी मानसिकता का खुलासा बिना किसी का नाम लिए किया। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम की भावना ने पूरे राष्ट्र को प्रकाशित किया था, लेकिन दुर्भाग्य से 1937 में इस गीत के महत्वपूर्ण पदों को उसकी आत्मा के एक हिस्से को अलग कर दिया गया था। जिस भाव से वंदे मातरम के टुकड़े किए गए थे, कालांतर में उसी भाव ने विभाजन के बीज बो दिए थे। अतीत में इस गीत की मूल रचना के साथ जो भी खिलवाड़ किया गया हो, किंतु यह सच्चाई है कि आजादी की लड़ाई में इस गीत की अहम भूमिका रही है।

बंकिमचंद्र चटर्जी के बांग्ला भाषा में लिखे उपन्यास 'आनंद मठ' से राष्ट्रगीत के रूप में स्वीकारा गया यह गीत कोई मामूली गीत नहीं है। भारत को उसकी व्यापक राष्ट्रीयता की पहचान और स्वाभिमान इसी गीत से प्राप्त हुए। नागरिक सभ्यता की विरासत, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानव सेवा के मूल्यों के उत्स इसी गीत के समवेत स्वर की उपज हैं। अंग्रेजों के विरुद्ध भिन्न जातीय और धर्म-समुदायों को संगठित करने के अभियान में इसी गीत की भूमिका बुलंद थी। तय है, वंदे मातरम क्रांति के स्वरों में नींव का पत्थर था। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की रक्त धमनियों में विद्रोह की उग्र भावना इसी गीत की देन है। वर्ष 1942 में महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन को देषव्यापी धरातल इसी गीत के बूते मिला था। और वह यही आंदोलन था, जिसमें गांधी ने 'करो या मरो' का नारा दिया था। सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिन्द फौज के फौजियों ने भी इसी गीत को गाते हुए मातृभूमि की बलिवेदी पर प्राण न्यौछावर किए।

14 अगस्त 1947 की मध्य-रात्रि में जब देश आजाद हो रहा था, तब इस मंत्र-गीत का गायन सुचेता कृपलानी ने किया और वहां उपस्थित लोग इस गीत के सम्मान में गीत खत्म न हो जाने तक खड़े रहे। 15 अगस्त 1947 को जब स्वतंत्रता का सूर्योदय हो रहा था, तब आकाशवाणी पर पंडित ओंकारनाथ ठाकुर ने इसे बड़े ही रोचक ढंग से गाया। आखिरकार 24 अगस्त 1948 को जन-गण-मन के साथ इस गीत को भी राष्ट्रगीत की प्रतिष्ठा मिली। लेखक और दार्शनिक युगदृष्टा होते हैं, इसलिए बंकिम बाबू ने इस गीत को लिखे जाने के वक्त ही अपनी दिव्य-दृष्टि से अनुभव कर लिया था कि यह गीत राष्ट्रीय आंदोलन का हिस्सा बनकर लोकप्रियता के शिखर चूमेगा, इसीलिए उन्होंने इसे बांग्ला भाषा में न लिखते हुए संस्कृत में लिखा। मूल और संपूर्ण गीत की केवल नौ पंक्तियां बंगाली में हैं। इस गीत का जो संपादित अंश राष्ट्रगीत के रूप में स्वीकार किया गया है, वह केवल आठ पंक्तियों का है। वंदे मातरम को इस्लाम विरोधी जताया जाता रहा है। जब कांग्रेस ने इसे प्रार्थना गीत के रूप में स्वीकार किया था, तब भी इसकी खिलाफत हुई थी। वर्ष 1937 में कांग्रेस कार्यकारिणी ने आचार्य नरेन्द्र देव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। इसमें मौलाना आजाद, पंडित नेहरू और सुभाषचन्द्र बोस जैसे प्रखर संस्कृति मर्मज्ञ सदस्य थे। समिति को जिम्मेदारी सौंपी गई थी कि वे रवीन्द्रनाथ ठाकुर से विचार-विमर्श कर वंदे मातरम के संबंध में दो टूक सलाह दें। समिति द्वारा रवीन्द्रनाथ से परामर्ष के बाद जो प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, उसके उपरांत कांग्रेस कार्यकारिणी ने फैसला लिया कि हरेक राष्ट्रीय व सार्वजनिक सभा में वंदे मातरम के केवल दो पद गाये जाएं। ऐसे अवसरों पर भारत विभाजन के जनक मोहम्मद अली जिन्ना भी इस गीत को आदर के साथ खड़े होकर गाया करते थे। तय है, गीत पर विवाद का समाधान स्वतंत्रता से पहले ही हो चुका था।

बाद में देश-विभाजन के लिए जिम्मेदार मुस्लिम लीग के नेताओं ने जरूर वंदे मातरम को बुतपरस्ती, अर्थात मूर्तिपूजा मानते हुए इसका विरोध किया। इस बहाने लीगियों ने अल्पसंख्यकों को खूब उकसाया। नतीजतन 1938 तक कांग्रेस के जो प्रमुख मुस्लिम नेता इस गीत की राष्ट्रीय गरिमा का ख्याल रखते चले आ रहे थे, वे भी दबी जुबान से इसका विरोध करने लगे। इसकी प्रतिक्रिया स्वरूप बहुसंख्यक हिंदू और सिख हठपूर्वक इस गीत की महिमा के बखान में लगे रहे। बाद में साझा सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के नजरिये से उर्दू के उदारवादी कवियों व राजनीतिकों ने वंदे मातरम का अनुवाद 'ऐ मादर, तुझे सलाम करता हूं' किया, अर्थात हे माता, तुझे प्रणाम करता हूं। मुल्क को गुलामी से आजाद कराने की इस इबादत में गलत क्या है ? अरबी फारसी के अनेक कवियों ने भी देश को 'मां' कहकर संबोधित किया है। लिहाजा राष्ट्र के प्रति अपनी भावनाओं व उद्गारों को प्रचलित रूपकों अथवा प्रतीकों में प्रकट करना मूर्तिपूजा या बुतपरस्ती कतई नहीं है। वंदे मातरम एक मौलिक रचना है, इसकी व्याख्या धर्म नहीं, केवल साहित्य के संदर्भ में होनी चाहिए। इसे यदि कोई सांसद या विधायक इस्लाम विरोधी जताता है, तो उसका मकसद धर्म के बहाने राजनीतिक रोटियां सेंकना है, जो अलगाववादी राजनीति की संकीर्ण मानसिकता का प्रतीक है। खुद बंकिमचन्द्र ने लिखा है कि हिन्दू होने पर ही कोई अच्छा नहीं होता है, मुसलमान होने पर कोई बुरा नहीं होता और न ही मुसलमान होने पर कोई अच्छा होता है या हिन्दू होने पर कोई बुरा होता है। अच्छे बुरे दोनों जातियों में हैं। गोया, निर्वाचित चंद मुसलिम प्रतिनिधि इस्लाम के बहाने जिस राष्ट्रीयता का अपमान करते हैं, उसी राष्ट्रीयता के सम्मान में अन्य मुस्लिम प्रतिनिधि सुर में सुर मिलाते हैं। ऐसे ही चंद सिरफिरे मुस्लिमों ने आजाद हिंद फौज के नारे, 'जय हिंद' का भी विरोध किया था, जब दैनिक अखबार 'डान' ने वंदे मातरम की आलोचना की तो महात्मा गांधी को कहना पड़ा, 'वंदे मातरम कोई धार्मिक नारा नहीं है, यह विशुद्ध राजनीतिक नारा है।' यही नारा था, जिसने सोए हुए भारत को जगाने का काम करके, आजादी हासिल कराई थी।

**महत्त्वपूर्ण**

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

भेंट




रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को महिला एकदिवसीय विश्व कप विजेता टीम की सदस्य प्रतीका रावल, स्नेहा राणा और रेणुका सिंह नई दिल्ली स्थित रेल भवन में एक बैठक के दौरान जर्सी भेंट करते हुए।

# जुबिन गर्ग की आखिरी फिल्म की 'पायरेसी' के सिलसिले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**गुवाहाटी/भाषा**

दिवंगत गायक जुबिन गर्ग की आखिरी फिल्म 'रोई रोई बिनाले' की कथित 'पायरेसी' के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह फिल्म 31 अक्टूबर को रिलीज हुई थी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक रफीकुल इस्लाम नामक व्यक्ति को उसके यूट्यूब चैनल रफीकुल आर व्लॉग्स पर वीडियो क्लिप अपलोड करने के आरोप में गोलपाड़ा जिले के लखीपुर से गिरफ्तार किया गया। रफीकुल को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया और वहां से तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के अलावा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000, कॉपीराइट अधिनियम-1957 और सिनेमैटोग्राफ अधिनियम-1952 की प्रासंगिक धाराओं के तहत साइबर पुलिस थाने, पानबाजार में मामला दर्ज किया गया। फिल्म के निर्माता श्यामंतक गौतम ने साइबर पुलिस थाने, पानबाजार में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि 31 अक्टूबर को फिल्म रिलीज होने के कुछ दिनों के भीतर ही अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा फिल्म अपलोड की जा रही थी। जुबिन गर्ग की आखिरी फिल्म असमिया फिल्म उद्योग के इतिहास में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है, जिसने रिलीज के पहले 12 दिनों के भीतर 16 करोड़ रुपये कमाए।

विरोध




पशु अधिकार कार्यकर्ता और कुत्ता प्रेमी आवारा कुत्तों से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश के खिलाफ कोलकाता में गुरुवार को एक विरोध मार्च में हिस्सा लेते हुए।

# लंदन के प्रतिष्ठित भारतीय रेस्तरां 'वीरास्वामी' को बचाने की मुहिम में आगे आए ब्रिटेश के अग्रणी शेफ

लंदन,/भाषा। ब्रिटेन के कुछ प्रमुख खानसामा बृहस्पतिवार को लंदन के सबसे पुराने भारतीय रेस्तरां में से एक 'वीरास्वामी' को बचाने की मुहिम में शामिल हुए। इस रेस्तरां के पट्टे को लेकर गतिरोध पैदा हो गया है जिससे रीजेंट स्ट्रीट से इसे हटाए जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। 'द टाइम्स' में प्रकाशित एक खुले पत्र में, साइरस टोडीवाला, रेमंड ब्लैंक और मिशेल रूक्स जैसे जाने-माने शेफ और रेस्तरां मालिकों ने विक्ट्री हाउस के मालिक क्राउन एस्टेट से अपील की है कि वह जिम्मेदारी से काम करें'। विक्ट्री हाउस में अप्रैल 1926 से लगभग 100 वर्षों से यह रेस्तरां स्थित है। गत गर्मियों में, 'वीरास्वामी' के मालिक एमडब्ल्यू ईट को सूचित किया गया कि उनके पट्टे का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा, क्योंकि क्राउन एस्टेट भवन की ऊपरी मंजिलों पर स्थित कार्यालयों के लिए भूतल के स्वागत क्षेत्र का विस्तार करना चाहता है।

खानसामों ने पत्र में लिखा, ''ऐसे रेस्तरां को कार्यालय में परिवर्तित करना अनुचित होगा। इससे लंदन के रेस्तरां परिदृश्य और हमारी पर्यटन अर्थव्यवस्था, जो शहर के अद्वितीय और विविध स्थलों पर फलती-फूलती है, दोनों के लिए एक गंभीर क्षति होगी।'' उन्होंने कहा, ''जैसा कि क्राउन जानता है, विरासत को न तो स्थानांतरित किया जा सकता है और न ही इतिहास को बदला जा सकता है। वीरास्वामी को जीवित रखना क्राउन की ज़िम्मेदारी का एक ऐसा काम है जो लंदन को दुनिया के सबसे बेहतरीन खान-पान और पर्यटन शहरों में से एक के रूप में प्रतिष्ठा दिलाता है।''क्राउन एस्टेट का स्वामित्व ब्रिटेन के महाराजा के पास 'शाही अधिकार' के तौर पर होता है, जिसका अर्थ है कि महाराजा अपने शासनकाल के दौरान इस संपत्ति के मालिक होते हैं। हालांकि यह उनकी निजी संपत्ति नहीं है। इसलिए, वह सीधे तौर पर इसकी संपत्तियों का प्रबंधन या निर्णय नहीं लेते हैं, और इस संपत्ति से होने वाली आय ब्रिटिश राजकोष में जमा कराई जाती है। रंजीत मथरानी ने कहा, ''हमने इसे पोषित किया है, संवारा है और समय के साथ तालमेल बिठाया है। यह शायद दुनिया का सबसे पुराना और इतना समृद्ध इतिहास वाला रेस्तरां है, और अगर यह अपना स्थान खो देता है तो यह एक त्रासदी होगी।'' मथरानी एमडब्ल्यू ईट ग्रुप के तहत अपनी बहनों नमिता और कैमेलिया पंजाबी के साथ मिलकर लंदन में चटनी मैरी और अमाया जैसे अन्य लोकप्रिय भारतीय रेस्तरां चलाते हैं। वीरास्वामी की स्थापना एडवर्ड पामर और मुगल राजकुमारी फैजान निसा बेगम ने की थी।



सम्मान

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव नई दिल्ली के रेल भवन में एक बैठक के दौरान महिला एकदिवसीय विश्व कप विजेता टीम की सदस्य क्रिकेटर प्रतीका रावल को सम्मानित करते हुए।

# '120 बहादुर' की टीम की मौजूदगी में रक्षा मंत्री ने रेजांग ला युद्ध पर डाक टिकट जारी किया

नई दिल्ली/भाषा। वर्ष 1962 में रेजांग ला की लड़ाई पर आधारित आगामी फिल्म 120 बहादुर'' के निर्माताओं की मौजूदगी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कुमाऊं रेजिमेंट की 13वीं बटालियन के सैनिकों के सम्मान में एक विशेष स्मारक डाक टिकट 'माय स्टाम्प' जारी किया है। लद्दाख के रेजांग ला युद्ध स्मारक पर आधारित इस डाक टिकट का अनावरण सिंह ने 18 नवंबर को युद्ध की 63वीं वर्षगांठ से पहले बुधवार को राजधानी में किया। फिल्म निर्माताओं ने एक बयान में कहा कि फिल्म के मुख्य कलाकार और निर्माता फरहान अख्तर और निर्देशक रजनीश ''राज़ी'' घई भी इस अवसर पर उपस्थित थे। साथ ही डाक सेवा महानिदेशक जितेंद्र गुप्ता, फिल्म निर्माता रितेश सिधवानी, अमित चंद्रा और



अरहान बागती भी मौजूद थे। बयान में कहा गया है, डाक विभाग द्वारा जारी यह स्मारक डाक टिकट मेजर शैतान सिंह भाटी, परमवीर चक्र तथा उन सैनिकों के साहस और बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने शून्य से नीचे के तापमान में विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए आखिरी दम तक लड़ाई लड़ी। लद्दाख के चुशुल क्षेत्र में स्थित रेजांग ला युद्ध स्मारक, 1962 के भारत-चीन युद्ध में शहीद हुए 13 कुमाऊं रेजिमेंट के वीर सैनिकों के अदम्य साहस का प्रतीक है। फिल्म '120 बहादुर' में फरहान अख्तर ने मेजर शैतान सिंह की भूमिका निभाई है। यह फिल्म भारतीय सेना के इतिहास के सबसे निर्णायक क्षणों में से एक में रेजिमेंट के जवानों के शौर्य और बलिदान को दर्शाती है। यह फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 'एआई को शिक्षा का हिस्सा बनाना बेहद जरूरी : राम गोपाल वर्मा

**मुंबई/एजेन्सी**

तेजी से बदलती तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दुनिया में हर दिन कुछ नया हो रहा है। एआई अब फिल्मों से लेकर चिकित्सा, लेखन और शिक्षा तक हर क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। इसको लेकर जाने-माने फिल्म निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने अपना विचार साझा किया और कहा कि मौजूदा शिक्षा प्रणाली अब खत्म हो चुकी है। आने वाले समय में जीनियस वही व्यक्ति कहलाएगा, जो एआई से सही सवाल पूछना जानता होगा। राम गोपाल वर्मा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स अकाउंट पर एक लंबा नोट साझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा, ''यह मानने का समय आ गया है कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली अब अप्रासंगिक हो चुकी है। शिक्षा व्यवस्था उस दौर के लिए बनी थी जब जानकारी सीमित थी और याद करना ही ज्ञान माना जाता था, लेकिन अब जब हर जानकारी कुछ सेकंड में मिल जाती है, तो रटना बेकार है।'' अपने तर्क को समझाने के लिए उन्होंने मेडिकल कोर्स का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, ''एक मेडिकल छात्र को डॉक्टर बनने में लगभग दस साल लगते हैं, पांच साल एमबीबीएस में, दो साल पोस्टग्रेजुएशन में और दो से तीन साल विशेषज्ञता हासिल करने में। इस पूरे समय में छात्र शरीर के अंगों, मांसपेशियों, नसों और बीमारियों को याद करने में व्यस्त रहता है। लेकिन अब जब एक एआई लाखों मेडिकल केस पढ़कर किसी मरीज



के डेटा का विश्लेषण कर सकता है और कुछ ही सेकंड में सटीक निदान और उपचार बता सकता है, तो फिर इंसान को वही सब सालों तक सीखने की क्या जरूरत है?''

उन्होंने एक जाने-माने डॉक्टर का हवाला देते हुए कहा, आज जो छात्र मेडिकल कॉलेजों में दाखिला ले रहे हैं, वे शायद अपनी पढ़ाई पूरी होने तक ऐसे दौर में पहुंच जाएंगे जहां उनके लिए करने को ज्यादा कुछ नहीं बचेगा। यह स्थिति केवल मेडिकल क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि हर क्षेत्र के छात्रों पर इसका असर पड़ेगा।निर्देशक ने पोस्ट में आगे कहा, ''एआई का दौर किसी का इंतजार नहीं करेगा। न विश्वविद्यालयों का, न मंत्रियों का और न ही पुराने शिक्षा बोर्ड्स का। अगर ये सस्थाएं समय के साथ खुद को नहीं बदलेंगी तो एआई उन्हें मिटा देगा।''

उन्होंने चेतावनी दी कि इस बदलाव की सबसे बड़ी कीमत छात्रों को चुकानी पड़ेगी, क्योंकि वे वही पुराने सिस्टम का हिस्सा बने रहेंगे जबकि दुनिया आगे निकल जाएगी।वर्मा ने कहा, ''मौजूदा शिक्षा प्रणाली केवल याददाश्त पर आधारित है, जबकि अब जरूरत सोचने, समझने और रचनात्मकता की है। अब शिक्षा में सुधार करना कोई विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता बन गया है। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो आज के छात्र उन नौकरियों की तैयारी कर रहे होंगे जो आने वाले वर्षों में मौजूद ही नहीं रहेंगी।'' अपने सुझाव में उन्होंने कहा कि अब स्कूलों और कॉलेजों को एआई को शिक्षा का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''एआई को क्लासरूम और परीक्षा में प्रतिबंधित नहीं, बल्कि अपनाया जाना चाहिए। इसे धोखा नहीं बल्कि एक सहायक माना जाना चाहिए। भविष्य की परीक्षा का असली मकसद यह नहीं होगा कि छात्र क्या याद रखता है, बल्कि यह कि वह एआई की मदद से कितनी तेजी और रचनात्मकता से कोई समस्या हल कर सकता है।''

# पतंग से बच्चों की परवरिश को जोड़ा, भाग्यश्री ने नए पेरेंट्स को दी अहम सलाह

**मुंबई/एजेन्सी**

बाल दिवस नजदीक है और इसे लेकर हर कोई उत्साहित नजर आ रहा है। मनोरंजन की दुनिया में भी इस मौके पर ढेरों फिल्में रिलीज हो चुकी हैं, जबकि सेलेब्रिटीज पेरेंटिंग टिप्स बांटते नहीं थकते। इसी क्रम में मंगलवार को मशहूर अभिनेत्री भाग्यश्री ने इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने नए माता-पिता को पेरेंटिंग का अनमोल मंत्र दिया। अभिनेत्री ने बच्चों की परवरिश को पतंग उड़ाने से जोड़ा है। उन्होंने नए-नए माता-पिता को समझाते हुए कहा, बच्चे पतंग की तरह होते हैं। कभी उन्हें लेकर ढील छोड़नी पड़ती है, तो कभी मांझे के साथ पकड़कर रखना पड़ता है। याद रखें, इस मांझे की डोर मां-बाप के हाथ में होती है। आपके बच्चों को तो दोस्त कई मिलेंगे, लेकिन सही परवरिश सिर्फ



आप ही कर सकते हैं। बच्चों के दोस्त नहीं हमराज बनिए। दोस्ती के उसूल परवरिश से न टकराएं। अभिनेत्री ने वीडियो पोस्ट कर नए माता-पिता को लेकर मन की बात लिखी, बच्चों का दिन आने वाला है, तो यहां नए माता-पिता के लिए एक छोटा सा सुझाव है और मुझे यकीन है कि आप अपने बच्चों के लिए सबसे अच्छा ही चाहते हैं। यह सबसे ज्यादा जरूरी है कि आपके बच्चे आप पर भरोसा कर सकें, अपनी परेशानियां बिना डर के आपसे शेयर कर सकें। उन्होंने लिखा, कई बार तो प्यार और अनुशासन के बीच की रेखा धुंधली पड़ जाती है और आज के जमाने में आधुनिक और खुले विचार रखने वाले माता-पिता बनने में यह मत भूलिए कि बच्चों में अनुशासन, सम्मान और सही मूल्य सिखाना आपकी जिम्मेदारी है। दोस्त जैसे माता-पिता बनना अच्छी बात है, लेकिन सिर्फ दोस्त बन जाना ठीक नहीं है।



# फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' का नया गाना 'आखिरी सलाम' रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

अजय देवगन स्टारर फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' जल्द ही सिनेमाघरों में नई कहानी के साथ धमाल मचाएगी। मंगलवार को मेकर्स ने फिल्म का नया गाना 'आखिरी सलाम' रिलीज कर दिया। अभिनेत्री रकुल प्रीत ने इंस्टाग्राम पर गाने का वीडियो पोस्ट किया, जिसके साथ उन्होंने प्रशंसकों को जानकारी देते हुए लिखा, आखिरी शायद सलाम ही मोहब्बत का जायज अंजाम होता है।

'आखिरी सलाम' रिलीज कर दिया गया है। इमोशनल सॉन्ग 'आखिरी सलाम' को अरमान मलिक ने अपनी मधुर आवाज में गाया है और बोल सागर भाटिया ने लिखे हैं।

वहीं, म्यूजिक कंपोज भी सागर भाटिया ने किया है। गाने को प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। इसमें प्यार और तड़प को बखूबी दर्शाया गया है। वहीं, यह गाना हर उम्र के लोगों को पसंद आ रहा है। गाने में एक-दूसरे से बिछड़ने के दुख को दिखाया गया है।


फिल्म की बात करें तो 'दे दे प्यार दे 2' में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के अलावा नए किरदारों को भी जोड़ा गया है, जिसमें आर. माधवन, गौतमी कपूर, मीजान जाफरी, जावेद जाफरी, और इशिता दत्ता शामिल हैं। फिल्म की कहानी में अजय देवगन के किरदार आशीष गर्लफ्रेंड आयशा के माता-पिता को रिश्ते के लिए मनाने की कोशिश करते हैं। फिल्म में दर्शकों को प्यार, हंसी और पारिवारिक उलझनें देखने को मिलेंगी। इससे पहले फिल्म का एक गाना रिलीज हो चुका है। यह फिल्म 'दे दे प्यार दे' का सीक्वल है, जो साल 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म में अजय और रकुल के अलावा तब्बू भी मुख्य भूमिका में थीं।

# ट्विंकल खन्ना की बुक 'मिसेज फनीबोन्स' रिलीज

**नई दिल्ली/एजेन्सी**

फिल्मी दुनिया से दूर ट्विंकल खन्ना लेखक और खुद के ओटीटी शो की वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। अब उन्होंने अपनी मचअवेटेड बुक 'मिसेज़ फनीबोन्स: शीज़ जस्ट लाइक यू एंड अ लॉट लाइक मी' का सीक्वल रिलीज कर दिया है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर बुक लॉन्च करते हुए अपना अनुभव शेयर किया है। ट्विंकल खन्ना ने अपनी नई बुक को लेकर सोशल मीडिया अपडेट किया है और फैंस को 'मिसेज़ फनीबोन्स रिटर्न्स' के बारे में जानकारी दी है। एक्ट्रेस ने बुक का पहला लुक शेयर कर लिखा, मैं अब तक जितने भी बुक फेयर पर गई हूं, लोगों ने जरूर मिसेज़ फनीबोन्स के सीक्वल के बारे में पूछा है, आखिरकार वो आ ही गया है। उन्होंने आगे लिखा, महिलाओं के जीवन, राजनीति, धर्मगुरुओं, खबरों, नुकसान, दुख, बढ़ती उम्र और हंसी के बारे में लिखने के दस साल। एक दशक से देख रही हूं कि भारत महिलाओं को कैसे देखता है और मैं भारत को कैसे देखती हूं। इस बार मिसेज़ फनीबोन्स रिटर्न्स, बड़ी हैं, समझदार हैं? मिसेज़ फनीबोन्स और वेलकम टू पैराडाइज तक, मेरी कौन सी किताब ने आपको सबसे ज्यादा प्रभावित किया?

बता दें कि ट्विंकल खन्ना की 'मिसेज़ फनीबोन्स' के पहले पार्ट को दर्शकों से बहुत अच्छा रिस्पांस मिला था। इस किताब की 1 लाख से ज्यादा कॉपियां बिकी थीं और ये साल




2015 की सबसे ज्यादा बिकने वाली बुक बनी थी। इस बुक को पेंगुइन इंडिया द्वारा प्रकाशित किया गया था। बुक में आधुनिक महिलाओं के जीवन को बारीकी से दिखाया है, जो सुबह उठने से पहले खाना बनाती हैं, फिर काम पर जाती हैं और आते वक्त भी यही सोचती हैं कि रात को खाने में क्या बनाना है। बुक की कहानी काल्पनिक और हास्य से भरी है, जिसे एक्ट्रेस ने बहुत चटपटे अंदाज से लिखा है।

बुक के पहले पार्ट को अच्छा रिस्पांस मिलने के बाद ही अब एक्ट्रेस ने बुक का दूसरा पार्ट भी रिवील कर दिया है। ट्विंकल खन्ना लेखनी के अलावा होस्टिंग भी कर रही हैं। वे काजोल के साथ ओटीटी टॉक शो टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल में दिख रही हैं, जहां एक्ट्रेस बॉलीवुड सिलेब्स के साथ मिलकर मस्ती करती हैं और उनकी जिंदगी से जुड़े रहस्यों से पर्दा भी उठाती हैं।

# मुझे कलाकार के तौर पर चैलेंजिंग रोल ज्यादा पसंद हैं : सायंतनी घोष

**मुंबई/एजेन्सी**



स्टार प्लस की महाभारत में मत्स्य रानी सत्यवती का रोल एक्ट्रेस सायंतनी घोष ने किया था। उनके किरदार की तारीफ हर किसी ने की थी। अब एक्ट्रेस टीवी सीरियल 'जगद्धात्री' में दिखने वाली हैं। उन्होंने सीरियल से जुड़े एक्सपीरियंस शेयर किए हैं। सीरियल 'जगद्धात्री' जीटीवी पर आने वाला है। इसमें अपने किरदार माया देशमुख पर सायंतनी घोष ने आईएएनएस से खास बातचीत में कहा कि यह मेरे लिए बहुत मुश्किल किरदार था। अभी तक मैंने कई चुनौतीपूर्ण किरदार निभाए हैं। लेकिन, यह सबसे अलग है। कलाकार के तौर पर मुझे चैलेंजिंग रोल ज्यादा पसंद हैं और इसी वजह से मैंने इस रोल को एक्सेप्ट किया। उन्होंने कहा कि माया देशमुख घर और बिजनेस दोनों संभाल रही हैं। मुझे लगता है कि असल जिंदगी में हर महिला का जीवन ऐसे संघर्ष से भरा रहता है। इसी वजह से माया के किरदार ने मुझे ज्यादा प्रभावित किया। हमें पहले लोगों की सोच बदलने की जरूरत है। लोगों को लगता है कि महिलाएं एक्शन नहीं कर सकतीं, लेकिन जगद्धात्री ऐसा शो है, जिसे महिला लीड कर रही है और पुरुषों की तरह एक्शन कर रही है। शो नारी की शक्ति का प्रतीक है। मुझे इस शो से बहुत सारी उम्मीदें हैं। मैं दर्शकों से इस सीरियल को बहुत सारा प्यार देने की रिक्वेस्ट करूंगी। एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री में आए बदलावों पर बात करते हुए कहा कि 20 साल में टेलीविजन इंडस्ट्री में बहुत बदलाव आए हैं। मैं भी समय के साथ खुद को बदलती हूं। आजकल धैर्य की कमी देखी जा रही है। पहले शो सालों तक चलते थे। आज शो कुछ ही महीनों में खत्म हो जाते हैं। इतनी ज्यादा प्रतियोगिता है कि सीरियल की शेल्फ लाइफ कम हो गई है। इसमें बदलाव लाना चाहिए। सायंतनी घोष ने कहा कि मेरा सफर टीवी शो 'नागिन' से शुरू हुआ था।



# कर्नाटक की संस्कृति व सभ्यता पर हमें गर्व होना चाहिए : महेन्द्र मुणोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के पीस ऑटो एवं आदर्श ऑटो चालक संघ के संयुक्त तत्वावधान में जयनगर स्थित शालिनी खेल मैदान में आयोजित कन्नड़ राज्योत्सव का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में ऑटो चालक व उनके परिवार शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मारुति मेडिकल के प्रमुख महेन्द्र मुणोत उपस्थित थे।

इस मौके पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए मुणोत ने कहा कि कर्नाटक हमारी मातृभूमि है और हमें गर्व है कि हम कन्नड़िगा है। हमें अपने कर्नाटक की संस्कृति व सभ्यता पर गर्व होना चाहिए। कर्नाटक में मां भुवनेश्वरी, कावेरी माता और कन्नड़ भूमि हमारे जीवन के लिए प्राण समान है। हमें हर हालत में कर्नाटक के गौरव को और बढ़ाना है और ऐसे कार्य करना चाहिए जिससे कर्नाटक धरती का मान पूरी विश्व में फैले। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने महेन्द्र मुणोत का सम्मान किया।




# स्वयं जेबीएन वी-कनेक्ट की दूसरी बैठक में हुई व्यापारिक चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो जेबीएन वी कनेक्ट की पाँचवें सत्र की दूसरी बैठक बुधवार को राजाजीनगर स्थित जीतो कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में जीतो नार्थ लेडीज विंग की अध्यक्ष लक्ष्मी बाफना, महामंत्री रक्षा छाजेड़ तथा कोषाध्यक्ष एवं 'स्वयं' योजना की संयोजिका तनुजा मेहता की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत नवकार मंत्र के सामूहिक जाप से हुई। इसके पश्चात रेफरल हेड लीला पितलिया, रेफरल लीड मीनू जैन और रेफरल मंत्री संगीता जैन ने बैठक की रूपरेखा पेश की। मुख्य वक्ता के रूप में इलराह एन्पॉविरिंग बिजनेस के संस्थापक हितेश गिरिया ने 'एलेवेटर पिच' विषय पर प्रस्तुति देते हुए कहा कि एक प्रभावी पिच में व्यवसाय का उद्देश्य, मूल्य और विशिष्टता स्पष्ट झलकनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि व्यवसाय का मूल उद्देश्य किसी की समस्या का समाधान करना और लाभ अर्जित करना है। क्रम्बलस एन फ्लेकस की संस्थापिका पूर्वी जसानी ने अपने प्रीमियम और हेल्दी गॉरमेट 'ट्रीट्स' के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निकिता जैन ने भी एक ज्ञानवर्धक सत्र संचालित किया, जिसमें उन्होंने गुणवत्तापूर्ण अतिथियों को आमंत्रित करने और व्यवसायिक अवसर बढ़ाने के व्यावहारिक सुझाव साझा किए।

अंत में सर्वश्रेष्ठ 'एलेवेटर पिच' का पुरस्कार ममता बांठिया को, सबसे अधिक व्यवसाय का पुरस्कार प्रज्ञा सेठी को तथा समय पालन पुरस्कार मीना जैन को प्राप्त हुआ।

# राग और द्वेष जीवन यात्रा की पहचान है : विनयमुनि खींचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्वावधान में महावीर भवन में आयोजित प्रवचन में विनयमुनिजी खींचन ने कहा कि राग और द्वेष जीवन यात्रा की पहचान है और कर्म बंधन की तीव्रता और मंदता के माप दंड है। राग अमृत है। राग में सहयोग भावना होती है और सहनशक्ति बढ़ती है। राग में जीव सकारात्मक रहता है और अहिंसा भाव पुष्ट होते हैं। प्रीति बढ़ती है। वहीं द्वेष एक दावानल है जो मनुष्य की सारी खूबियों को भस्म कर देता है।

द्वेष विध्वंसकारी होता है जो ईर्ष्या की आग में हमेशा सभी गुणों को जलाते रहता है। द्वेष आग लगाता भी है और फैलाता भी है। निमित्त मिलते ही द्वेष भभक जाता है और हिंसा को पुष्ट करता है।

विनयमुनि जी ने कहा कि मात्र साधना के लिए ही हम साधना पथ को स्वीकार करें। साधना लाचारी का पर्याय नहीं है। सशक्त तन, मन हो तब ली गई दीक्षा आदर्श होती है। संसार से सर्वथा विमुख हो कर 18 पाप का त्याग कर बिना किसी चाह के दीक्षा लेना ही सही मार्ग है। शरीर की शक्तियां क्षीण हो जाए, सभी अंग प्रत्यंग जब क्षीण हो जाए तब शरीर से स्वेच्छा से मोह त्याग देना ही समाधि यात्रा है। मृत्य तो सब को आएगी। मृत्यु से भयभीत न हो कर आत्म लक्ष्य के लिए आगे बढ़ना श्रेष्ठ मृत्यु है। अध्यक्ष धनपत राज बोहरा ने अतिथियों का स्वागत किया।

# सिद्दरामय्या की लाचारी सचमुच 'दयनीय' है : आर. अशोक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता आर. अशोक ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर हाल में हुई बारिश और बाढ़ से परेशान किसानों की पूरी तरह अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या को 'निवर्तमान मुख्यमंत्री' करार दिया और कहा कि उनकी लाचारी वाकई 'दयनीय' है। भाजपा नेता ने 'निवर्तमान मुख्यमंत्री' शब्द का उपयोग ऐसे समय में किया है, जब कांग्रेस की राज्य इकाई में नवंबर में सरकार के कार्यकाल के ढाई वर्ष पूरे करने पर मुख्यमंत्री बदलने की चर्चा चल रही है और कुछ लोग इसे 'नवंबर क्रांति' भी कह रहे हैं।

अशोक ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस सरकार सत्ता हस्तांतरण, मंत्रिमंडल विस्तार, आरएसएस (राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ) पर प्रतिबंध आदि अनावश्यक चीजों में उलझकर समय बर्बाद कर रही है और किसानों की पूरी तरह अनदेखी कर रही है। विधानसभा में विपक्ष के नेता ने मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या पर बारिश और बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पूछा, सरकार की वचन निभाने की प्रतिबद्धता का क्या हुआ?

उन्होंने कहा, ''आप (सिद्दरामय्या) क्या करेंगे? एक तरफ राहुल गांधी (कांग्रेस नेता) मिलने का समय तक नहीं दे रहे हैं, वहीं यहां बेंगलूरु में सड़कों के गड्ढे भरने की बार-बार समय सीमा देने के बाद भी अधिकारी परवाह नहीं कर रहे हैं।'' अशोक ने कहा, बाढ़ राहत, गन्ना और ज्वार उत्पादकों को अतिरिक्त समर्थन मूल्य देने की बात आने पर आपकी कौन सुनेगा? उन्होंने कहा, निवर्तमान मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या की लाचारी वाकई दयनीय है।

# प्रह्लाद जोशी ने सिद्दरामय्या सरकार पर 'उत्पादक क्षेत्रों का दोहन' करने का आरोप लगाया

बेंगलूरु/नई दिल्ली। नई दिल्ली में केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या को लिखे एक कड़े पत्र में कर्नाटक सरकार पर गारंटी योजनाओं के लिए पैसा जुटाने के लिए उत्पादक क्षेत्रों का दोहन' का आरोप लगाया है। बुधवार को जारी पत्र में उन आरोपों को खारिज किया गया है कि 'केंद्र, किसान कल्याण के मूल मुद्दे से बच रहा है।' इसके बजाय, जोशी ने राज्य सरकार द्वारा चीनी मिलों पर लगाए गए 'मनमाने लागत वृद्धि' की ओर इशारा किया, जिसने चीनी मिलों की लाभप्रदता को प्रभावित किया है।'' पत्र गन्ना भुगतान में देरी को लेकर किसानों के विरोध प्रदर्शन के समाप्त होने के बाद जारी किया गया। जोशी ने वर्ष 2025-26 के लिए केंद्र के 355 रुपये प्रति क्विंटल के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) का बचाव करते हुए कहा कि यह उत्पादन लागत पर 105 प्रतिशत से अधिक का मार्जिन प्रदान करता है - जो किसानों के संरक्षण का एक अभूतपूर्व स्तर है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जहां राज्य उच्च राज्य परामर्श मूल्य (एसएपी) घोषित करने के लिए स्वतंत्र हैं, वहीं कर्नाटक ने ऐसा नहीं किया है, जिसके कारण किसानों की शिकायतें केंद्र पर अनुचित रूप से थोपी जा रही हैं।







# नवकार मंत्र जीवन में सुख, शांति और समता का संचार करता है : डॉ वरुणमुनि

## राजाजीनगर में आयोजित नवकार मंत्र के अखंड जाप में उमड़े श्रद्धालु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के राजाजीनगर जैन स्थानक में विराजित उपप्रवर्तक पंकजमुनिजी, डॉ वरुणमुनिजी व रूपेशमुनिजी के सान्निध्य में राजाजीनगर में गुरु अमर मुनिजी की पुण्य स्मृति के अवसर पर अमरचंद गांधी के निवास पर सुबह 6:05 बजे से सवा पाँच घंटे का नवकार महामंत्र अखंड जाप अत्यंत श्रद्धा एवं भक्ति भाव से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर जाप किया तथा आत्मशुद्धि एवं पुण्य लाभ का संचय किया। इस मौके पर उपप्रवर्तिनी महाश्रमणी निर्मलाजी की भी उपस्थिति थी। इस मौके पर वरुणमुनिजी ने अपने प्रवचन में कहा कि नवकार महामंत्र सब मंत्रों में सर्वश्रेष्ठ है। नवकार मंत्र जाप करने से मन की आधि, व्याधि व सभी दुखों का निराकरण होता है। नवकार मंत्र जीवन में सुख, शांति और समता का संचार करता है। नवकार मंत्र में गुणों की महिमा गाई गई है ।

नवकार मंत्र हर समस्या का समाधान है। नवकार मंत्र के जाप से श्रद्धालु के जीवन में पुण्य का अर्जन होता है और पुण्य ही व्यक्ति को मोक्ष के प्राप्ति करवाते हैं।

राजाजीनगर संघ के महामंत्री नेमीचंद दलाल ने बताया कि रविवार तक संतों का प्रवास जैन स्थानक, राजाजीनगर में रहेगा। संघ के अध्यक्ष प्रकाशचंद चाणोदिया ने सभी का स्वागत किया।





# कर्मो को भोगे बिना जीव को संसार से मुक्ति नहीं मिलती है : उपप्रवर्तक नरेशमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के मागडी रोड़ स्थित मेहता अपार्टमेंट में विहार कर पहुंचे उपप्रवर्तक श्री नरेशमुनिजी ने गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जैन दर्शन कर्म को स्वतंत्र एवं अलग तत्व मानता है। यहां पर कर्म सिद्धान्त को प्रधानता दी गई है। शरीर पौद्गलिक है तो उसका कारण कर्म है। कर्म भी पौद्गलिक है। कर्म पुदगलों का आत्मा पर गहरा प्रभाव पड़ता है। आत्मा एवं कर्म का सम्बन्ध अनादि से है। जिस तरह खान में रहा हुआ सोना मिट्टी से लिप्त होता है, उसे अग्नि आदि विविध उपक्रमों से स्वच्छ, निर्मल बनाया जा सकता है। उसी तरह जप तप, ध्यान, ज्ञान दर्शनादि की विशुद्धि साधना आराधना से भी अपनी आत्मा को उज्ज्वल किया जा सकता है।

व्यक्ति हंसते हंसते कर्म बांध लेता है, लेकिन बाद में फिर उसे रोते रोते हुए भी उन कर्मों का भुगतान करना पड़ता है। किए हुए कर्मो को भोगे बिना जीव को संसार से मुक्ति नहीं मिलती है। आठों कर्मों को क्षय करने पर ही जीव को मुक्ति मोक्ष पद की प्राप्ति होती है। यही परमात्मपद है।ङ्गउन्होंने कहा कि धर्म की पूरी यात्रा इस परमात्म पद की प्राप्ति करने के लिए ही होती है। मुनिश्री ने आगे आगम के एक विशिष्ट सूत्र के माध्यम से कहा कि शुभ कर्मों का फल शुभ होता है और अशुभ कर्मों का फल अशुभ होता है।

व्यक्ति कर्म करने में स्वतंत्र हैं पर भोगने में स्वतंत्र नहीं हैं। मुनिश्री ने खाद्य संयम पर चर्चा करते हुए कहा कि व्यक्ति को हमेशा शुद्ध, सात्विक आहार ही ग्रहण करना चाहिए। बाहर के होटलों, रेस्टोरेंट पर जाकर खाने का और आजकल घर पर भोजन ज्यादा नहीं बना कर बाहर से आनलाइन आर्डर करके अपने घर पर ही खाना मंगवाने का प्रचलन बढ़ रहा है। लेकिन चिंतन करें यह खाना शरीर स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं होता है। बाहर के खाने से घर परिवारों में अनेक प्रकार की बीमारियां भी घर कर रही है और सबके स्वास्थ्य को बीमार करने का काम भी कर रही है। अतः सभी अपने घर पर बनें भोजन को ही तरजीह देते हुए हमेशा हित, मित, परिमित, शुद्ध, सात्विक पौष्टिक आहार को ही प्राथमिकता देनी चाहिए। मुनिश्री ने मेहता अपार्टमेंट गुरु भक्त श्रद्धालुओं की सेवा, समर्पण भावना के लिए सभी को साधुवाद दिया।ङ्गप्रारंभ में युवा मनीषी श्री शालिभद्रमुनिजी ने मानव जीवन की दुर्लभता पर सारगर्भित विवेचना करते हुए कहा कि व्यक्ति को कभी भी अपने सभ्यता और संस्कृति के संस्कारों को भूलना नहीं चाहिए। हमें जीवन में ऊर्जा, संस्कार और धर्म की सही राह दिखाने वाले गुरु भगवंतों, तीर्थंकर परमात्मा के हम पर किए असीम महान उपकारों को हमेशा याद रखना चाहिए और उन महापुरूषों के पदचिन्हों पर चलने का प्रयास करना चाहिए।

# शिवकुमार ने मेकेदातु परियोजना पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने कर्नाटक में कावेरी नदी पर प्रस्तावित मेकेदातु जलाशय के निर्माण के खिलाफ पड़ोसी राज्य तमिलनाडु की याचिका को उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने का स्वागत किया। शिवकुमार के पास जल संसाधन विभाग भी है। उन्होंने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि मामले में न्याय हुआ है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक ने केवल कावेरी जल में अपना उचित हिस्सा मांगा था। उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक द्वारा कावेरी नदी पर मेकेदातु जलाशय परियोजना के निर्माण के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की याचिका को खारिज कर दिया और इसे समय से पूर्व दायर की गई ''अर्जी'' बताया। भारत के प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने कहा कि राज्य की आपत्तियों के साथ-साथ विशेषज्ञ निकायों, कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) और कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) की राय पर विचार करने के बाद ही योजना को मंजूरी दी जायेगी।

शिवकुमार ने यहां पत्रकारों से कहा, ''हम यही मांग कर रहे थे - हमारा अधिकार और हमारा पानी। हम किसी को परेशान नहीं कर रहे हैं। तमिलनाडु को भी लाभ होगा और उसे पर्याप्त पानी मिलेगा।'' उन्होंने कहा कि राज्य इस परियोजना पर आगे बढ़ेगा और अपने खर्च से कर्नाटक में जलाशय का निर्माण करेगा। उन्होंने कहा, हम इसे अपने क्षेत्र में और अपनी धनराशि से बनाएंगे। हम कम बारिश के दौरान तमिलनाडु की भी मदद करेंगे। यह एक संतुलित जलाशय है।

फैसले को बेंगलूरुवासियों की ''जीत'' बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे न केवल कर्नाटक की राजधानी के निवासियों और यहां आने वाले पर्यटकों को फायदा होगा, बल्कि तमिलनाडु को भी पर्याप्त मात्रा में पानी मिलेगा। उन्होंने कहा, ''मैं तमिलनाडु से अनुरोध करता हूं कि वे इसे विनम्रता से स्वीकार करें। आइए हम मिलकर काम करें। उनके पास कोई और विकल्प नहीं है। उन्हें हमें न्याय देना होगा।''

कर्नाटक सरकार द्वारा प्रस्तावित मेकेदातु जलाशय परियोजना में कावेरी नदी पर एक बांध का निर्माण शामिल है, जिसका उद्देश्य मुख्य रूप से बेंगलूरु महानगर क्षेत्र को पेयजल की आपूर्ति करना तथा पनबिजली उत्पन्न करना है।

# न्यायालय में मेकेदातु परियोजना के खिलाफ तमिलनाडु की याचिका खारिज होने का कर्नाटक ने किया स्वागत

बेंगलूरु। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने मेकेदातु संतुलन जलाशय परियोजना के खिलाफ तमिलनाडु की याचिका को उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज किये जाने का बृहस्पतिवार को स्वागत किया। कर्नाटक के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच.के. पाटिल ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि उच्चतम न्यायालय से हरी झंडी मिलने के बाद राज्य इस परियोजना पर आगे बढ़ेगा।

प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने तमिलनाडु की याचिका को 'समय से पहले' दाखिल की गयी बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य की आपत्तियों के साथ-साथ विशेषज्ञ निकायों - कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) और कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) की राय पर विचार करने के बाद ही योजना को मंजूरी दी जाएगी।


## मार्च



लाल किला विस्फोट के बाद गुरुवार को नई दिल्ली के सरोजिनी नगर बाज़ार में भारी भीड़ के बीच पुलिसकर्मी फ्लैग मार्च करते हुए।

# क्रेन के सेना प्रमुख ने शहर का दौरा किया, जेलेंस्की भ्रष्टाचार कांड का सामना कर रहे हैं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



कीव। यूक्रेन के शीर्ष सैन्य कमांडर ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने पूर्वी मोर्चे के एक अहम शहर का दौरा किया जहां अग्रिम मोर्चे पर सैनिक तैनात हैं और जिसे रूसी बलों ने घेरा हुआ है। उधर, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अपनी सरकार को घेरने वाले भ्रष्टाचार घोटाले के असर से निपटने में जुटे हैं।

ऊर्जा क्षेत्र में कथित भ्रष्टाचार की जांच के बीच बुधवार को जेलेंस्की के न्याय और ऊर्जा मंत्रियों के इस्तीफा देने के बाद, सरकार ने राज्य स्वामित्व वाली परमाणु ऊर्जा कंपनी एनरगोटॉम के उपाध्यक्ष को बर्खास्त कर दिया। माना जा रहा है कि यह कंपनी रिश्वतखोरी के इस कथित घोटाले के केंद्र में है। प्रधानमंत्री यूलिया स्विरीडेंको ने देर रात बताया कि एनरगोटॉम के वित्त, कानूनी और खरीद विभागों के प्रमुखों के साथ-साथ कंपनी के अध्यक्ष के एक सलाहकार को भी पद से हटा दिया गया है। कीव की एक अदालत ने भ्रष्टाचार विरोधी निगरानीकर्ताओं के साक्ष्यों पर सुनवाई शुरू कर दी है, जिनकी 15 महीने की जांच, जिसमें 1,000 घंटे की वायरटैप भी शामिल है, के तहत पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है और अन्य सात लोगों को उस योजना में शामिल किया गया है, जिससे कथित तौर पर लगभग 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई हुई थी।

जांच में कहा गया है कि जेलेंस्की की मीडिया प्रोडक्शन कंपनी क्वार्टल 95 के सह-मालिक तिमूर मिनडिच इस साजिश के मास्टरमाइंड हैं। फिलहाल उनका ठिकाना अज्ञात है। इस मामले ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि देश के शीर्ष अधिकारियों को इस घोटाले की जानकारी थी या नहीं। इससे पिछले वर्ष गर्मियों में जेलेंस्की के भ्रष्टाचार-रोधी संस्थाओं को सीमित करने के प्रयासों की भी याद ताजा हो गई है। उस समय जनता के व्यापक प्रदर्शनों और यूरोपीय संघ के दबाव के बाद उन्होंने अपना फैसला वापस ले लिया था। जहां एक ओर यूक्रेनी नागरिक इस घोटाले को लेकर गुस्सा और हैरानी जता रहे हैं, वहीं यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि यूरोपीय संघ बृहस्पतिवार को यूक्रेन को छह अरब यूरो (लगभग सात अरब अमेरिकी डॉलर) का ऋण देगा और आगे भी आर्थिक सहायता जारी रखेगा।

उन्होंने यूरोपीय संसद को संबोधित करते हुए कहा, हम अगले दो वर्षों के लिए यूक्रेन की वित्तीय जरूरतों को पूरा करेंगे।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com/**RNI No. 58061/93.**